


लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल
- 12



इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक
- 12



नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध
- 13



जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर
- 14


आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.52
सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 355, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## जमशेदपुर के गैंगस्टर की देहरादून में हत्या

- राजपुर रोड पर सिल्वर सिटी मॉल में जिम से निकलते समय मारी गोलियां
- झारखंड में 50 से ज्यादा केस थे गैंगवार व पुरानी रंजिश में मर्डर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी एक बार फिर शुक्रवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी। शहर के पॉश राजपुर रोड पर सिल्वर सिटी मॉल में जमशेदपुर के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विक्रम शर्मा की फिल्मी स्टाइल में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई।

एसपी सिटी देहरादून प्रमोद कुमार ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10:15 बजे मॉल में हुई, जब विक्रम शर्मा (50) पहली मंजिल पर बने एनी टाइम फिटनेस जिम से बाहर आने के बाद सीढ़ियों से उतर रहा था। विक्रम पर दो हमलावरों ने नजदीक से गोलियां चलाईं, जिसके बाद वह सीढ़ियों पर गिर गया। विक्रम को तीन गोलियां लगीं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



घटनास्थल पर पड़ताल करती पुलिस।

इन दोनों हमलावरों का तीसरा साथी मॉल के बाद बाइक स्टार्ट किए रहा। इस सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देकर तीनों हमलावर फरार हो गए।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि, विक्रम और उसके साथी अखिलेश सिंह के गिरोह के खिलाफ झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में हत्या और अपहरण सहित करीब 50 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें 30 से ज्यादा हत्याएं, अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले शामिल हैं। ज्यादातर मामले झारखंड में दर्ज हैं। वह प्रॉपर्टी के कारोबार में भी सक्रिय था। एसएसपी के अनुसार, करीब आठ साल पहले झारखंड पुलिस विक्रम को देहरादून से गिरफ्तार करके ले गयी थी। वर्तमान में वह जमानत पर होना बताया गया। अभी तक की जांच में सामने आ रहा है कि विक्रम की हत्या गैंगवार, कारोबारी या फिर पुरानी रंजिश के चलते की गई। मौके पर पहुंचे आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। हमलावरों की तलाश में टीम गठित की गई है।

## अपराध पर जीरो टॉलरेंस, पूर्व-निवारक रणनीति हो मजबूत

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं पर अपनाया गंभीर रुख
- पुलिस विभाग में तबादले व्यवस्था और अधिक सक्रिय, जवाबदेह व प्रभावी बनाने की दिशा में कदम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश में हाल के दिनों में सामने आई आपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीर रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपराध की रोकथाम के लिए केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई ही नहीं, बल्कि पूर्व-निवारक रणनीति भी मजबूत की जाए।

मुख्यमंत्री ने पहले भी कानून-व्यवस्था की लगातार समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे और स्पष्ट किया था कि अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हाल की घटनाओं के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को समयबद्ध तरीके से गिरफ्तार किया। इसी क्रम में पुलिस विभाग में प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक



तबादले किए गए हैं। यह कदम पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्रिय, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक में सख्त शब्दों में कहा था कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ को निर्देश दिए कि सभी प्रकार के अपराधों पर तत्काल मुकदमे दर्ज किए जाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आदतन एवं संगठित अपराध में संलिप्त अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय स्थापित हो और आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें।

### सक्रियता, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करे

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस पूरी सक्रियता, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। शहरी क्षेत्रों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। सीएम ने कहा कि अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों, असामाजिक तत्वों और प्रदेश की शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए दिए कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए, ताकि प्रदेश में कानून का राज और अधिक सशक्त हो सके।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 2025 में लगभग 3 .03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को बंद किया गया। उन्होंने साइबर हमलों से तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों से अवगत कराया कि आधार ओटीपी सत्यापन ने वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार और पारदर्शिता बढ़ाने में योगदान दिया है।

### मादक पदार्थ तस्कर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क की गई संपत्तियों में मणिगम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा शामिल हैं। ये संपत्तियां कुलगाम के निपोरा इलाके के निवासी मोहम्मद अशरफ खंडे की हैं, जो कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह साबित हो जाने के बाद कि ये संपत्तियां अवैध मादक पदार्थ के धंधे से अर्जित की गयी हैं, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई।

### प्रमाणपत्र के बिना उड़ान संचालन पर एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक द्वारा की गई इस कार्रवाई पर एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया डीजीसीए के उस आदेश की प्राप्ति स्वीकार करती है, जो 2025 में स्वेच्छा से रिपोर्ट की गई एक घटना के संबंध में है।।

# अब सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

## प्रधानमंत्री ने नए कार्यालय का किया उदघाटन, किसानों-महिलाओं के कल्याण को लिए अहम निर्णय

- यहां पर पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यालय अब रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन के निकट स्थित औपनिवेशिक काल की साउथ ब्लॉक इमारत से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित हो गया। यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे और इस परिसर का उद्घाटन किय। इस दौरान मोदी ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।

### सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएमओ और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है।

## बांग्लादेश में बीएनपी की बड़ी जीत, तारिक रहमान का पीएम बनना तय

- 20 साल बाद सत्ता में वापसी 297 में से 209 सीटें जीतीं तारिक नए चेहरे के तौर पर उभरे

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी।

2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना



### मोदी ने तारिक से बात कर जीत की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बीएनपी की जीत पर उसके नेता तारिक रहमान से बात की और दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि वह साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। रहमान की जीत उनके नेतृत्व में बांग्लादेश का भरोसा दर्शाती है।

को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस के कार्यकाल में ढाका के नई दिल्ली से रिश्तों में काफी गिरावट आई। (संबंधित देश-दुनिया पर)

## सेंसेक्स 1,048 और निफ्टी 336 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को धातु, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 336 अंक टूटा।

इस व्यापक गिरावट का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 7,02,017.71 करोड़ रुपये घटकर

**शेयर बाजार धड़ाम**

- मेटल, आईटी और एनर्जी शेयर्स में भारी बिकवाली, 7 लाख करोड़ डूबे



4,65,46,643.20 करोड़ रुपये (5.13 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। कारोबारियों ने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों के उम्मीद से कम रहने और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े गतिरोधों के कारण प्रौद्योगिकी कंपनियों पर बढ़ते दबाव ने निवेशक धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,140.37 अंक लुढ़ककर 82,534.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

## मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं। इस घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। वहीं मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण कुमार व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की।

अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस



- दिनदहाड़े 10 गोलियां चलाईं शोएब को तीन से चार गोलियां लगीं लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर घटी घटना

आ रहे थे। अभी वह असेनी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक कार के आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। करीब दस राउंड फायरिंग में कई गोलियां कार का शीशा पार कर गईं, वहीं तीन गोलियां लगने से बॉबी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान ओवरब्रिज के ऊपर भी दो बदमाश खड़े हुए थे। इस बीच हमलावर भाग निकले। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार से निकालकर खून से लथपथ शोएब को अस्पताल भिजवाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल की पड़ताल कर ही रहे थे कि एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी बाराबंकी आ गए और घटना की जानकारी ली। एसपी बोले कि मुख्तार गैंग से जुड़े बॉबी शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर थे और उन पर हत्या और गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। उधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अधिवक्ता बॉबी की हत्या से वकील आक्रोशित हो गए और विरोध जताया।

## अजय गणपति एसएसपी यूएसनगर प्रमेंद्र डोबाल को देहरादून की कमान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** कानून एवं शांति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने बड़ा फेरबदल किया है। आईएएस और पीसीएस अधिकारियों के बाद अब शुक्रवार को 20 आईपीएस/पीपीएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। इनमें प्रमुख रूप से देहरादून और ऊधमसिंह नगर के एसएसपी भी शामिल हैं।

गृह सचिव शैलेश बगौली द्वारा जारी ट्रांसफर सूची के अनुसार, डीआईजी एसडीआरएफ निवेदिता कुकरेती को प्रमोशन के बाद आईजी एसडीआरएफ तो प्रह्लाद नारायण मीणा को एसएसपी

**बड़ा फेरबदल**

- शासन ने किए 20 आईपीएस/पीपीएस ट्रांसफर, अजय सिंह एसएसपी एसटीएफ बने

विजिलेंस से डीआईजी विजिलेंस मुख्यालय बनाया गया है। 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक यशवंत सिंह को प्रधानाचार्य पीटीसी नरेंद्र नगर भेजा गया है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल को अब एसएसपी देहरादून की कमान दी गई है जबकि एसएसपी देहरादून अजय सिंह को वापस एसएसपी एसटीएफ बनाया गया है। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह को एसएसपी हरिद्वार का चार्ज दिया गया है।

एसपी चम्पावत अजय गणपति अब एसएसपी ऊधमसिंह नगर होंगे जबकि एसएसपी ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा को एसपी अभिसूचना भेजा गया है। एसपी अभिसूचना प्रदीप कुमार राय को एसपी सीबीसीआईडी बनाया गया है तो एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना देहरादून अमित श्रीवास्तव को सेनानायक आईआरबी प्रथम रामनगर की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रह्लाद कोंडे को एसपी पिथौरागढ़, एसपी पिथौरागढ़ रेखा यादव को एसपी चम्पावत, एसपी बागेश्वर चंद्रशेखर आर घोड़के को एसएसपी अल्मोड़ा बनाया गया है।

**खगोल विज्ञान** चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना 3 मार्च को होगी, जो भारत से देखी जा सकेगी

## मंगलवार को लगेगा वर्ष का पहला वलयाकार सूर्यग्रहण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर यानि वलयाकार होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत से देखा जा सकेगा।

यह वलयाकार सूर्यग्रहण दक्षिणी गोलार्ध में लगने जा रहा है। जिसका पाथ अंटार्कटिका से होकर जाएगा। इसका पाथ बहुत संकरा है, जो लगभग 616 किमी चौड़ी पट्टी का होगा, जबकि इसकी लंबाई में 4282 किमी का क्षेत्र कवर करेगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3.26



बजे सूर्यग्रहण लगना शुरू होगा। इस ग्रहण में सूर्य का सिर्फ बीच का हिस्सा ग्रहण की चपेट में आता है, जबकि किनारे ग्रहण से मुक्त रहते हैं। जिसके चलते यह आग का छल्ला जैसा दिखाई देता है। देखने में ग्रहण का यह दृश्य मनमोहक लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच की दूरी अधिक होने के कारण वलयाकार सूर्य ग्रहण होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूरज को पूरी तरह ढक लेता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण की अवधि दो मिनट की रहेगी। इसके बाद आंशिक ग्रहण बना रहेगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3.26 बजे होगी। शाम 5:42 बजे ग्रहण मध्यस्था में होगा। शाम 7.57 बजे सूर्यग्रहण के साए से मुक्त हो जाएगा। भारत में सूर्य नीचे होने के कारण ग्रहण दिखाई नहीं देगा।इसके बाद अगला सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा, जो पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसके बाद चंद्र ग्रहण तीन मार्च को लगने जा रहा, हो भारत से देखा जा सकेगा।

### मनमोहक होगा नजारा

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार ग्रहण की घटना अद्भुत होती है। वलयाकार सूर्य ग्रहण मनमोहक होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सूरज के कोरोना को देखा जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।

स्टेट ब्रीफ

### देर शाम कोहरे में लिपटी सरोवर नगरी

**नैनीताल :** सरोवर नगरी शुक्रवार देर शाम यकायक कोहरे की चादर में लिपट गई, जबकि दिन में धूप छांव का खेल चलता रहा। दिन में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नगर में सुबह से ही बादलों के साथ धूप के दर्शन होते रहे। मौसम का यह क्रम पूरे दिन जारी रहा, लेकिन चार बजे बाद कोहरे का छाना शुरू हो गया और देर शाम कोहरे ने नगर को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया और अंधेरा छाने तक बना रहा। जिस कारण ठंड में बढ़ोतरी हो गई। इधर मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन मौसम शुष्क बना रहेगा और स्थानीय स्तर पर बादल और जैसी स्थितियां भी बनेगी।




### सीएम ने बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को सम्मानित किया

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय महिला बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को बॉडीबिल्डिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं गमला भेंट कर सम्मान प्रदान किया।

### सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने सीएम राहत कोष में दिया 10 लाख का योगदान

**देहरादून :** सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरीश चंद्र जोशी, निवासी वसंत विहार, देहरादून एवं मूल निवासी जहरिखाल, पौड़ी गढ़वाल, ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपये की धनराशि दान की। ब्रिगेडियर जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर चेक सौंपा।



### बजट सत्र 21 दिवस आहूत करने की मांग

**देहरादून:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आगामी बजट सत्र को न्यूनतम 21 दिवसों के लिए तथा कम से कम 3 सोमवारों सहित आहूत करने की मांग की है ताकि प्रश्नकाल के माध्यम से सरकार की जवाबदेही तय हो सके और राज्य की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, शीघ्र ही राज्य का बजट सत्र आहूत होने जा रहा है। इस सत्र में आपके द्वारा वित्त मंत्री के रूप में बजट भाषण, सामान्य बजट पर चर्चा, विभागवार अनुदान मांगों पर विचार तथा वित्त विधेयक से संबंधित विधायी कार्य होने हैं।

# दलों से फरवरी तक शत-प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने राजनैतिक दलों के साथ किया मंथन

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण, बीएलओ आउटरीच अभियान,बूथ लेवल एजेंट्स की शत प्रतिशत नियुक्ति के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि आगामी एसआईआर की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में बीएलओ द्वारा आउटरीच अभियान के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 79 प्रतिशत मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर और नैनीताल में बीएलए के सहयोग से मैपिंग प्रक्रिया और तेजी से की जा सकती है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने बताया कि वर्तमान में राजनैतिक दलों द्वारा 15437 बूथ लेवल एजेंट्स की जा चुकी है। जिसमें भाजपा द्वारा 7165, कांग्रेस द्वारा 7968, बीएसपी द्वारा 117, सीपीआई (एम) द्वारा 187 बीएलए नियुक्त किए गए हैं, इसके अतरिक्त आप और एनपीपी द्वारा अभी एक भी बीएलए अबतक नियुक्त नहीं किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से फरवरी माह तक शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित बीजेपी से राजकुमार पुरोहित, विरेंद्र वल्दिया, कांग्रेस पार्टी से मनोज रावत, अमेंद्र बिष्ट,सीपीआई (एम) से अनंत आकाश,बीएसपी से सुरेंद्र जजारिया उपस्थित रहे।



सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक में मौजूद प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### यह डेमोग्राफी से ध्यान भटकाने की कोशिश

**देहरादून:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश मे चल रहे अवैध अतिक्रमण और डेमोग्राफी चेंज के खिलाफ कार्यवाही से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है और कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। सरकार ऐसे मंसूबे को कामयाब नही होने देगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख़्त कार्यवाहियों से डेमोग्राफ़ी बदलने वालों के मंसूबों पर फिर पानी फिर गया है। सख़्त धर्मांतरण क़ानून अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए अभियान से देवभूमि की छवि ख़राब करने वालों को रोका गया तथा कांग्रेस का इरादा तो मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने का था, लेकिन मुख्यमंत्री धामी के सख्त रुख के चलते डेमोग्राफी बदलाव को रोकने के प्रयासों का प्रभाव धरारतल पर दिखने लगा है। जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है।

# झारखंड से उत्तराखंड तक फैला था गैंगस्टर विक्रम शर्मा का माया जाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** गैंगस्टर विक्रम शर्मा का माया जाल झारखंड से उत्तराखंड तक फैला हुआ था। मूल रूप से बाजपुर निवासी विक्रम का देहरादून के अमन विहार में किराए का फ्लैट था, जहां वह अक्सर आता रहता था जबकि जमशेदपुर के अलावा उसका बाजपुर के सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में भी स्टोन क्रशर है। उसका ट्रांसपोर्ट और प्रॉपर्टी डीलिंग में भी दखल था।

पुलिस के अनुसार, विक्रम के पिता मूल रूप से बाजपुर के रहने वाले हैं। वह जमशेदपुर में टाटा स्टील में कर्मचारी थे और रिटायरमेंट के बाद उत्तराखंड आ गए थे। विक्रम के कई कुख्यात अपराधियों व गैंगस्टरों से संबंध होने की जानकारी भी मिली है। ऐसे में पुलिस इस हत्याकांड को गैंगवार के अलावा आपराधिक गिरोहों के बीच वर्चस्व कायम रखने, कारोबारी लेनदेन से जोड़कर जांच कर रही है।

**पुलिस व खुफिया तंत्र पर सवाल:** राजधानी में दो दिन में यह दूसरी दहला देने वाली वारदात है। इससे पहले गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की भी बीच बाजार हत्या हुई थी। मच्छी बाजार में युवती का सरेआम चापड़ से गला काट दिया गया था। विगत 16 दिनों में जिले में हत्या की यह पांचवीं घटना है।

#### सिर में मारी गोली, काम नहीं आई पिस्टल

पुलिस के अनुसार, विक्रम को जान का खतरा था। वह हमेशा अपने पास लाइसेंसी पिस्टल रखता था। हालांकि जिम से निकलते समय दोनों शूटरों ने इतनी तेजी से उस पर गोलियां बरसाईं कि उसे पिस्टल निकालने के लिए संभलने तक का मौका नहीं मिला। शूटरों द्वारा सिर में मारी गई गोली उसके लिए जानलेवा साबित हुई।

#### सटीक रेकी के बाद की घटना

बताया गया कि, विक्रम की देहरादून में कई दिनों से रेकी की जा रही थी। शूटर उसकी दिनचर्या को करीब से फॉलो कर रहे थे। शूटरों को पता था कि विक्रम कब जिम आता है और किस समय बाहर निकलता है। घटना के बाद मॉल में अधिकांश शोरूम बंद थे। दोनों शूटरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया।

आमने-सामने

### विपक्ष ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल



**देहरादून :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राजधानी देहरादून की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विगत 15 दिनों के भीतर 5 हत्याएं कोई सामान्य आंकड़ा नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, जब प्रदेश की राजधानी ही असुरक्षित हो जाए, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और शासन-प्रशासन मौन दर्शक बना हुआ है। आरोप लगाया कि, हत्या जैसी जघन्य घटनाओं का लगातार सामने आना यह दर्शाता है कि पुलिस तंत्र पर दबाव या ढिलाई है, अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है और खुफिया और निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को तुरंत इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय समीक्षा करनी चाहिए। अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाना चाहिए। पुलिस गश्त और खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए और जनता को पारदर्शी जानकारी देनी चाहिए कि अब तक क्या कार्रवाई हुई।

### धैर्य रखें, शीघ्र पकड़े जाएंगे हत्यारे : भाजपा



**देहरादून :** भाजपा ने राजधानी में हुई अपराध की घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा कि सरकार का रुख सख्त और स्पष्ट है कि अपराधी किसी कीमत पर नही बख्शे जायेंगे। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति से बचते हुए सभी को धैर्य से पुलिस कार्रवाई का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इससे पूर्व सभी प्रकरण के आरोपी सलाखों के पीछे हैं। किसी को अपने किए की सजा न्यायालय से मिल गई है तो कोई कानूनी प्रक्रिया से अपनी सजा का इंतजार कर रहा है। अब तक जिसने भी प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश की उसे कड़ा सबक सिखाया गया है। अपराधिक घटनाओं में हुई निष्पक्ष, तत्पर और कठोर कार्रवाई के चलते ही प्रदेश की जनता का सरकार पर पूर्ण भरोसा है। हालिया घटनाओं से उत्पन्न चिंता को भी पार्टी और सरकार संवेदनशीलता और गंभीरता से ले रही है। लिहाजा शीघ्र हत्यारों को पकड़ने के साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो उसको लेकर भी उपाय किए जाएंगे।









### नाले में मिला व्यक्ति का शव

**देहरादून :** पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को चंद्रबनी शमशान घाट के पास नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, शव पर चोट या खरोंच का निशान नहीं मिले हैं। शव के पास से कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला और न ही आसपास के लोगों से पूछताछ में उसकी शिनाख्त हो पायी। सभी पहलुओं की जांच करते हुए शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 95वीं बैठक

**देहरादून :** सचिवालय सभागार में सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 95वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 सितंबर 2025 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जहां सीडी रेशियो बढ़ाने और डिजिटल फ्रॉड पर सख्ती के निर्देश दिए गए वहीं, कम सीडी रेशियो वाले जनपदों को तत्काल सुधार करने की भी हिदायत दी गई।

## सिटी ब्रीफ

### एसएसपी के निर्देश पर तलाशी, 5 कारतूस मिले

**हल्द्वानी :** एसएसपी मंजूनाथ टीसी गुरुवार की रात को स्वयं सड़क पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। रोडवेज के पास काले शीशे में एक वाहन की तलाशी लेने के लिए उन्होंने निर्देश दिए। पता चला कि आरोपी के पास पांच अवैध कारतूस भी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी आदित्य नेगी निवासी जज फार्म डहरिया थाना मुखानी शराब के नशे में था। पुलिस ने उसके वाहन की तलाशी तो उसके पास से 12 बोर के पांच अवैध कारतूस मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और साथ ही वाहन को सीज कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी कुख्यात आईटीआई गैंग से जुड़ा है।

### इंद्रानगर में डंपरों से बैटरी हो रहीं हैं चोरी

**हल्द्वानी :** पुलिस के सामने डंपरों से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस का अनुसार जुहैब आलम लाइन नंबर 13 आजाद नगर के रहने वाले हैं। उनके पास एक डंपर है जो काम निपट जाने के बाद इन्द्रानगर गेट के पास खड़ा रहता है। बीती सात फरवरी को भी डंपर को उसी जगह पर खड़ा किया था। अगली सुबह आकर जुहैब जब डंपर के पास पहुंचा तो पता चला कि डंपर के अंदर लगी हुई 100 एम्पियर की बैटरी चोरी हो गई है। यही नहीं जब पता किया तो उस जगह पर खड़े अन्य वाहनों से भी बैटरी चोरी की गईं हैं। पीड़ितों ने अपने स्तर से पता करने की कोशिश की लेकिन उन्हें चोरी हुईं बैटरियों के बारे में कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की पड़ता की जा रही है।

# हादसों का शहर बनता जा रहा है हल्द्वानी

हल्द्वानी शहर में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। सड़क हादसों में आए दिन लोगों की जान जा रही है। कहीं उबड़-खाबड़ सड़क के कारण तो कहीं गड्ढों के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं। एक अहम कारण यह भी है कि शहर की सड़कें किसी बड़े महानगर जैसी चौड़ी नहीं, और उस पर ओवरस्पीड गाड़ियां मानो कहर बरपा रहीं हों। शाम ढलने के बाद तो तमाम वाहन चालक मानो बेलगाम हो जाते हों, इस कदर गाड़ियां दौड़ती दिखतीं हैं कि किसी का सड़क पार करना भी मुश्किल। हालांकि समय-समय पर आरटीओ और पुलिस की ड्राइव चलती रहती है। दोनों महकमो के बड़े अधिकारी और यहां तक कि एसएसपी व कमीश्नर तक सड़क पर उतर कर चेकिंग अभियान चलाते हैं। राहगीरों को जागरूक भी करते हैं, बावजूद इसके दुर्घटनाएं कम न होना चिंता का विषय है।


कृष्णा अस्पताल में घायल डॉ. हरभजन सिंह का हाल जानते एसएसपी। ● अमृत विचार


घायल डॉ. हरभजन सिंह। ● अमृत विचार

## ओवरस्पीड बाइक का शिकार बने डॉ. हरभजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ओवरस्पीड बाइकर ने शहर के कृष्णा अस्पताल के प्रबंधक डॉ. हरभजन सिंह को इस कदर टक्कर मारी कि उन्हें संभलने तक का मौका न मिला। रास्ते में जा रहे अस्पताल प्रबंधक को इतनी जोरदार टक्कर लगी कि वह अचानक हवा में उछल गए और फिर जमीन पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तुरंत उनके ही अस्पताल में ही भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना ठंडी सड़क की है।

अस्पताल प्रबंधक डॉ. हरभजन गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे अस्पताल से जा रहे थे। वह ठंडी सड़क पर पैदल चल रहे थे। इसी दौरान बहुत ही तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उनको इस कदर टक्कर मारी कि वह पूरी तरह से हवा में उछल गए और जमीन पर गिर गए। बुरी तरह से लहुलुहान डॉक्टर को तुरंत आसपास के राहगीरों ने उठाया और उनके ही अस्पताल में भर्ती कराया। उनके शरीर से खून बह रहा था। घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई है। अस्पताल में उनका उपचार किए जाने के बाद अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इधर बताया जा रहा है कि आरोपी को भी तुरंत ही लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

तेज रफ्तार से सड़क दुर्घटना करने वाले बाइक राइडर के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है और वाहन भी सीज किया गया है। हालांकि आरोपी के नाम का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है।

### एसएसपी पहुंचे अस्पताल

**हल्द्वानी :** एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी घायल डॉ. हरभजन सिंह को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने उनका हाल-चाल जाना। अस्पताल प्रबंधन से पता चला है कि उनको सिर में चोट आई है साथ ही शरीर के कई हिस्सो में फ्रैक्चर भी हुआ है। राहत की बात है कि उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है लेकिन अभी भी पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा।

### डॉ. खुराना को दवा देने जा रहे थे


**हल्द्वानी :** कृष्णा अस्पताल के मालिक डॉ. जेएस खुराना का स्पाइन का ऑपरेशन हुआ है। वह फिलहाल घर में ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। डॉ. हरभजन उनको ही दवा देने और उनका हाल-चाल जानने के लिए जा रहे थे। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गए। डॉ. खुराना ने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### हादसे दर हादसे

- **जनवरी 2026 :-** गौरीलाल मूल निवासी रायपुर टांडा दो युवक मुखानी से पनचक्की की ओर लौट रहे थे। नहर कवरिंग की वजह से उनकी बाइक मिक्सर ट्रक की चपेट में आ गई। जिस कारण एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।
- **जनवरी 2026 :-** सितारगंज के शक्ति फार्म नंबर तीन निवासी एक व्यक्ति 18 जनवरी को घर के पास पैदल जा रहे थे। तभी गलत साइड से आकर ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।
- **जनवरी 2026 :-** बरेली रोड स्थित आंबेडकर नगर निवासी एक व्यक्ति छह जनवरी को पैदल कहीं जा रहे थे। अचानक से दो वाहन आए और इसकी तेज रोशनी की वजह से वह घबरा गए। एक वाहन के टक्कर से वह घायल हो गए।

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने कुक को मारी टक्कर

**हल्द्वानी :** ओवरस्पीड बाइक सवार ने कैटरिंग में खाना बनाने वाले एक कुक को टक्कर मार दी। घायल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। भीतरगांव शाहबाद जिला रामपुर निवासी रतन ने पुलिस को सौंपी तहरीर मे कहा कि उसका रिश्तेदारी में लगने वाला भाई प्रदीप कुमार (24) शीशमहल हल्द्वानी की एक कैटरिंग में खाना बनाने का काम करता है। प्रदीप भी भीतरगांव शाहबाद का निवासी है। दोनों भाई रतन और प्रदीप बीती तीन फरवरी को काम करके रात में करीब 10 .40 बजे गणपति बैंक्वट हॉल से सेलीब्रेशन लॉन की तरफ पैदल जा रहे थे। उसी समय काठगोदाम की तरफ से एक बाइक (यूके 04 एएस 2153) पर सवार होकर दो युवक हल्द्वानी की ओर ओवरस्पीड में आ रहे थे और पूरी लापरवाही से प्रदीप को पीछे से टक्कर मार दी। प्रदीप हादसे में बुरी तरह से घायल हो गया और उसके मुंह से भी खून निकलने लगा। रतन ने किसी तरह से घायल भाई को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में वह अभी भी आईसीयू में भर्ती में। पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बाइक का नंबर उपलब्ध कराया गया है और साथ ही सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।


रात्रि गश्त में मौजूद आईजी, एसएसपी व अन्य पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### बैरियर पर कहीं सीसीटीवी खराब मिले तो कहीं रजिस्टर में वाहनों, आगंतुकों की एंट्री सही नहीं

**हल्द्वानी :** कुमाऊं में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में गुरुवार देर रात्रि पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने विभिन्न नाकों, पुलिस बैरियरों और चौकी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने स्वयं वाहनों की चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन, ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। नाकों एवं बैरियरों पर आगंतुकों व वाहनों की आवाजाही से संबंधित रजिस्टरों का परीक्षण किया तो पता चला कि प्रविष्टियों के संधारण में कई कमियां हैं। इस पर संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि समस्त अभिलेख तत्काल ठीक करें और एक दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान कुछ चौकी क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे खराब मिले। इस गंभीर लापरवाही पर आईजी ने नाराजगी जताई। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कर्तव्य के प्रति सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध रहने हेतु प्रेरित किया।

### आईजी और एसएसपी के नेतृत्व में काटे चालान

आईजी रिधिम अग्रवाल और एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्वयं रात्रिगश्त की और स्थिति की जायजा लिया। इस दौरान नियमों का नहीं मानने वालों का चालान भी काटा गया। पुलिस के अनुसार 18 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई और 4150 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यही नहीं वाहन चेकिंग में 28 वाहन चालकों का चालान किया और साथ ही तीन वाहनों को सीज भी किया गया। पुलिस ने वाहनों के चालान में 13500 रुपये का जुर्माना वसूला है।

## बेलगाम वाहनों पर अब जागी हल्द्वानी की पुलिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ओवरस्पीड वाहन चालकों ने शहर में दहशत मचा रखी है और हल्द्वानी पुलिस को जागने के लिए हादसों का इंतजार करना पड़ रहा है। कई हादसों में लोग ओवरस्पीड वाहन चालकों की चपेट में आकर घायल हुए हैं।

अब जब शहर के एक चर्चित डॉक्टर हादसे का शिकार हुए और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तब पुलिस को सुध आई कि ओवरस्पीड वाहन चालकों पर लगाम लगाई जाए। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कृष्णा अस्पताल में डॉ. हरभजन सिंह का हाल जानने के बाद प्रशासन, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के प्राधिकारियों के साथ ठंडी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ठंडी सड़क की हर संभावित स्थानों विशेषकर स्कूल, अस्पताल इत्यादि के पास स्पीड ब्रेकर लगाने केनिर्देश दिए। इस दौरान नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान आदि रहे।

## मंडलायुक्त रावत ने रात में देखा शहर का हाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कमिश्नर दीपक रावत गुरुवार की देर रात सड़कों पर टहलने निकले तो पुलिस-प्रशासन के ट्रैफिक के दावों का पर्दाफाश हो गया। मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही थी तो सड़कों पर अवैध पार्किंग के अड्डे मिले। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त रावत बीते गुरुवार की रात लगभग 11 बजे के बाद नैनीताल रोड पर निकले। उन्होंने देखा कि एसडीएम कोर्ट के बाहर चार बसें खड़ी हुई थीं जब चालकों से पूछताछ की गई तो पता चला कि रात भर खड़े करते हैं। आयुक्त ने फटकार लगाई और बसों को तत्काल हटाकर नियमों के अनुसार वैध पार्किंग में खड़े करने के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने माल ढोने वाले एक कैंटर को चेकिंग के लिए रोका। जब कैंटर की जांच की गई तो उसमें 12 सवारियां भरी हुई थीं जबकि मालवाहक वाहन में किसी भी तरह की सवारी नहीं ढोई जा सकती है। उन्होंने तुरंत पुलिस-परिवहन विभाग को मौके पर बुलाकर कैंटर सीज कराया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ माह में सरकार ने जंक्शन सुधार व सड़क चौड़ीकरण किया है। इस वजह से रात को आठ या 10 बजे के बाद ये सड़कें गैरकानूनी पार्किंग बनती जा रही हैं। यह काम बस अड्डे के समीप हो रहा है जिस वजह से परिवहन निगम की सवारी को डग्गामारी वाहनों में शिफ्ट किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की रात में गश्त होनी चाहिए। सभी डीएम व एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि रात में सीओ, एसडीएम, परिवहन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम चलाए। जब लगातार प्रीवेंटिव एक्शन होगा तो सड़कों पर बेलगाम होकर चलने वालों पर शिकंजा कसेगा। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट्स वाले वाहनों पर भी कार्रवाई के लिए कहा गया है।



गुरुवार रात हल्द्वानी की सड़कों पर शहर का जायजा लेते मंडलायुक्त दीपक रावत।

## 15 दिन में स्वीकृत हो घर का नक्शा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जिला विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने आवासीय व गैर आवासीय नक्शों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि आवासीय 15 दिन और गैर आवासीय नक्शे 30 दिन में स्वीकृति किए जाए। जिन नक्शों में आपत्ति हो उस संबंध में एक ही बार में आपत्ति दर्शाते हुए संपूर्ण विवरण के साथ आवेदक को उपलब्ध कराते हुए उनका समय पर निराकरण भी करें। जिन नक्शों में विभिन्न विभागों से अनापत्ति लेनी है उस संबंध में प्रत्येक सप्ताह संबंधित विभाग को अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जाए। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। प्रत्येक सहायक अभियंता सप्ताह में प्रत्येक अवर अभियंताओं के साथ इन मानचित्रों के संबंध में समीक्षा करते हुए रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराएंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सचिव एवं संयुक्त सचिव को निर्देश दिए कि वे भी समय-समय पर सभी अभियंताओं के साथ समीक्षा करने के साथ ही क्षेत्रीय निरीक्षण भी अवश्य करें। निर्धारित समय पर नक्शा स्वीकृत हो इस के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाए। जनता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। इस दौरान सचिव विजय नाथ शुक्ला, संयुक्त सचिव गोपाल सिंह चौहान आदि रहे।


कैंप कार्यालय में बैठक करते डीएम ललित मोहन रयाल। ● अमृत विचार

## तीन तलाक देने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हल्द्वानी

- पत्नी ने पति पर मारपीट तथा अश्लील पोस्ट वायरल करने का लगाया आरोप
- पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

**हल्द्वानी:** अवैध तीन तलाक देने के आरोपी के ऊपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी अपनी पत्नी के साथ मारपीट भी करता है साथ उसको लेकर अभद्र पोस्टें सोशल मीडिया पर वायरल भी करता है।

नई बस्ती ताज मस्जिद वार्ड नं-26 हाल निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह आठ साल पहले वार्ड नंबर तीन कालाढूंगी निवासी मुस्तजर फारूकी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसका पति उसका उत्पीड़न करता है। मारपीट करने की वजह से ही उसने पहले भी अपने पति के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए थे। महिला का कहना है कि उसका पति स्वयं को पत्रकार बताता है और साथ ही धमकी भी देता है कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। यही नहीं वह अपनी पत्नी को लेकर अभद्र और अश्लील पोस्ट सोशल मीडिया पर भी अपलोड करता है। जिससे उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंच रहा है। आरोप है कि मुस्तजर अपनी पत्नी को अवैध तीन तलाक भी दे चुका है। पुलिस ने आरोपी के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## मंडलायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। इस मौके पर भूमि विवाद, धोखाधड़ी, अवैध निर्माण, पारिवारिक विवाद, विकलांगता प्रमाण पत्र जैसी शिकायतें आईं जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।

जन सुनवाई में सुल्तानपुर पट्टी निवासी देवनाथ मिश्रा के पेंशन प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया। दुर्गा कोरंगा निवासी जेल रोड का पारिवारिक समस्या की मौके पर ही सुलह कर निस्तारण कराया गया। लोहरियासाल निवासी सुनीता सांगुड़ी ने संपत्ति बंटवारे को लेकर समस्या रखी जिसके निस्तारण के लिए तहसीलदार हल्द्वानी को निर्देश दिए। शिकायतकर्ता जयश्री जोशी के जमीनी विवाद के निस्तारण के भी निर्देश तहसीलदार को दिए गए। ओखलकांडा निवासी त्रिलोचन ने जन-जन की सरकार बहुद्देश्यीय शिविर में जांच के बाद भी दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर आयुक्त ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पात्र को दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया। नसीमा पत्नी नन्हे शाह बाजपुर ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति से दो लाख रुपये ब्याज पर लिए थे जिसके एवज में जमीन की रजिस्ट्री गिरवी रखी थी। धनराशि देने के बाद भी उक्त व्यक्ति भूमि के कागज वापस नहीं दे रहा है। आयुक्त ने तहसीलदार बाजपुर और थाना प्रभारी बाजपुर को महिला को रजिस्ट्री वापस दिलाने के निर्देश दिए। महिला राधा बिष्ट ने पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं दिए जाने की शिकायत की। इस संबंध में आयुक्त ने भाई को बुलाकर बंटवारा किया।


कैंप कार्यालय में जन सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### ‘किस डे’ पर हुआ प्यार का इजहार

**हल्द्वानी:** वैलेंटाइन वीक में शुक्रवार को ‘किस डे’ मनाया गया। 14 फरवरी को आने वाले वैलेंटाइन डे से एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस खास दिन पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

शहर के पार्क, कैफे और कई स्थानों पर कपल्स ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम और स्नेह का इजहार किया। गिफ्ट शॉप और फूलों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही। युवाओं ने कार्ड, चॉकलेट और खास तोहफों के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने का संदेश दिया।

सोशल मीडिया पर भी ‘किस डे’ ट्रेंड करता नजर आया, जहां लोगों ने शुभकामनाएं और संदेश साझा किए। पुलिस भी प्रमुख स्थानों पर मुस्तैद नजर आई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने।

तैयारी | महाशिवरात्रि पर्व पर बेलबाबा, शीतला देवी और कालीचौड़ मंदिरों में चाक-चौबंद होंगी व्यवस्थाएं

## महाशिवरात्रि मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, ड्रोन रखेंगे नजर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आस्था के इस महापर्व पर शिवालयों में उमड़ने वाली भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा का प्लान तैयार किया है।

इस बार बेलबाबा, शीतला देवी और कालीचौड़ जैसे प्रमुख मंदिरों में व्यवस्थाएं बदली-बदली नजर आएंगी। पिछले वर्ष अचानक बढ़ी भीड़ के कारण बिगड़े हालातों से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन इस बार पहले से ही मुस्तैद है। श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए मंदिर परिसरों के बाहर मजबूत बैरिकेडिंग की जा रही है, ताकि बारी-बारी से सभी भक्त जलाभिषेक कर सकें। सुरक्षा को तकनीकी रूप से पुख्ता करने के लिए इस बार ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जाएगा। भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों और मंदिर के रास्तों पर ड्रोन के जरिए नजर रखी जाएगी। सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा पिछले साल के अनुभव को देखते हुए इस बार हमने भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल और वॉलिंटियर्स की तैनाती की है।

सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन से निगरानी की जाएगी ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने और शहर का यातायात सुचारू बना रहे। पुलिस बल की तैनाती मंदिर खुलने के समय से ही रहेगी।


महाशिवरात्रि पर्व के लिए सजा बेलबाबा मंदिर। ● अमृत विचार

### सुगम दर्शन के लिए होगी बैरिकेडिंग

शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन साह ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भक्तों की सुविधा के लिए हमने बैरिकेडिंग और पेयजल की उचित व्यवस्था की है। पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल बनाया गया है ताकि श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार न करना पड़े और दर्शन सुगम हों। हम सभी भक्तों से अपील करते हैं कि वे दर्शन के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखें।

### पिछले साल की अव्यवस्था से लिया सबक

बीते वर्ष महाशिवरात्रि पर प्रमुख मंदिरों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ पड़ी थी, जिसे संभालने के लिए ऐन वक्त पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा था। इस बार ऐसी स्थिति दोबारा न पैदा हो, इसके लिए पुलिस और मंदिर समितियों ने संयुक्त रूप से पहले ही मोर्चा संभाल लिया है। मंदिरों में वालंटियर्स की संख्या भी बढ़ाई गई है जो पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्था संभालेंगे।

## रिश्ते के भतीजे पर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र की एक विधवा महिला ने रिश्ते के भतीजे पर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर रामनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महिला ने बताया कि वर्ष 2016 में पति की मृत्यु के बाद वह सदमे में थी। इसी दौरान आरोपी ने सहानुभूति दिखाकर उसका विश्वास जीता। पीड़िता के अनुसार उसका छोटा बेटा मानसिक रूप से बीमार है तथा बड़ा बेटा नशे की लत के कारण कई बार जेल जा चुका है। पीड़िता के अनुसार, बड़े बेटे की जमानत कराने के बहाने आरोपी उसे ढिकुली क्षेत्र के एक होटल में ले गया, जहां नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार ब्लैकमेल करता रहा।

वर्ष 2022 में विरोध करने पर मारपीट की गई और समझौता कराया गया। हाल ही में फिर से धमकी मिलने पर पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। सीओ रामनगर सुमित पांडे का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### सम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करने के निर्देश

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र के सुचारु संचालन के लिए सम सेमेस्टर की कक्षाएं तुरंत शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सम सेमेस्टर की पढ़ाई विषम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने की प्रतीक्षा किए बिना शुरू की जाएगी। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल की ओर से जारी आदेश में सभी संकायाध्यक्षों, परिसर निदेशकों तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को शासन की ओर से निर्धारित शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षण कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए हैं। विवि प्रशासन का कहना है कि इस निर्णय से सभी पाठ्यक्रमों का शिक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सकेगा और शैक्षणिक सत्र पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### एआई एवं रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन

**नैनीताल :** सेंट मैरी विद्यालय परिसर में एआई एवं रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने अत्याधुनिक थ्री-डी प्रिंटर का अनावरण किया। प्राचार्या सिस्टर मंजुषा ने बताया कि लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को कोडिंग, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और मशीन लर्निंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। साथ ही, थ्री-डी प्रिंटर की सुविधा से छात्राएं नवाचारी मॉडल और उपयोगी परियोजनाओं का निर्माण कर सकेंगी, जिससे उनकी रचनात्मक सोच और तकनीकी दक्षता का विकास होगा। एआई एवं रोबोटिक्स लैब की स्थापना तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली कंपनी के सहयोग से की गई है। कंपनी के संस्थापक एवं निदेशक अमित कुमार और उनकी टीम ने लैब की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर शीबा के साथ सिस्टर एलेन, सिस्टर निर्मला, सिस्टर एन, सिस्टर ग्रेस और सिस्टर शर्ली रहीं।

### रेलिंग तोड़कर हवा में लटकी कार, हादसा बचा

**रामनगर :** गुरुवार की देर रात एक तेज रफ्तार आल्टो कार अनियंत्रित होकर कोसी बैराज के पास नहर किनारे लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए हवा में झूल गई। कार के रेलिंग में अटक जाने बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। अचानक वाहन से चालक का नियंत्रण हट गया और कार सीधे नहर की ओर बढ़ गई। मौके पर लगी सुरक्षा रेलिंग ने बड़ा हादसा होने से रोक दिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कार सवारों को केवल मामूली चोटें आईं और सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक रणजीत रावत।

### राजभवन घेराव को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**रामनगर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की विफलताओं के विरोध में 16 फरवरी को आयोजित राजभवन घेराव कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यालय में बैठक की। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति जैसे गंभीर विषयों पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश, क्षेपंस. हरदीप सिंह, अनिल अग्रवाल खुलासा, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल, नजाकत अली, पूर्व सभासद बाबर खान, मुनव्वर हुसैन, मुजाहिद सिद्दीकी, शेर खान, अनीस खान, मोहसिन खान, अनीश अहमद, कुबेर कदाकोटी, कैलाश उपाध्याय, ओमप्रकाश आर्यवंशी, पप्पू अधिकारी, शकील अहमद रहे।

राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट के विद्यार्थियों ने एरीज वेधशाला का किया शैक्षिक भ्रमण, जानी बारीकियां

# विद्यार्थियों ने देखी खगोल विज्ञान की रोमांचक दुनिया

- कक्षा 9 और 11 के कुल 67 विद्यार्थियों हुए शामिल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट, नैनीताल के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 और 11 के कुल 67 विद्यार्थियों ने नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) का भ्रमण कर खगोल विज्ञान की बारीकियों को समझा। (एरीज), नैनीताल का भ्रमण कर खगोल विज्ञान की बारीकियों को समझा।



एरीज वेधशाला के शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट के छात्र-छात्रा। ● अमृत विचार

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न दूरबीनों (टेलीस्कोप) की कार्यप्रणाली, उनकी क्षमता और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. ललित यादव ने छात्रों को एरीज परिसर में स्थापित प्रसिद्ध 104 सेमी संपूर्णानंद वेधशाला के इतिहास और उसकी तकनीकी विशेषताओं से अवगत कराया। विशेष सत्र में डॉ. मोहित कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से 'प्रकाश प्रदूषण' के कारणों तथा खगोलीय प्रेक्षणों पर उसके प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। छात्रों ने दूरबीन के माध्यम से सूर्य के दर्शन किए और सौर कलंकों को प्रत्यक्ष देखकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यार्थियों ने संस्थान की स्थापना, उसके गौरवशाली इतिहास तथा विभिन्न खगोलीय पिंडों के अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त कीं।

# डग्गामारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## कुमाऊं गढ़वाल बस सेवा समिति ने दी हड़ताल की चेतावनी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कुमाऊं गढ़वाल बस सेवा समिति ने पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित डग्गामार टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग संभागीय परिवहन अधिकारी, रामनगर से की है। मांग पूरी न होने पर समिति ने बसों का संचालन ठप कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

समिति का आरोप है कि कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र के गैरसैंण, बछुवाबाण, नागचुला, चौखुटिया, भिकियासैंण, भतरोजखान आदि स्थानों से टैक्सियां सीधे रामनगर और काशीपुर तक सवारियां उठा रही हैं, जिससे बस स्वामियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। समिति का कहना है कि विरोध करने पर टैक्सी संचालक अभद्रता करते हैं और चालक-परिचालकों को जान से मारने की धमकी तक देते हैं। सौंपे पत्र में समिति के अध्यक्ष पुष्पराज जोशी, महासचिव वीरेंद्र रेखाड़ी और कोषाध्यक्ष संदीप कुमार के हस्ताक्षर हैं।



रामनगर में बस अड्डे पर खड़ी बसें। ● अमृत विचार

### ठेका वाहनों के अवैध संचालन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**रामनगर :** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, रामनगर ने सभी ठेका वाहन स्वामी, चालक तथा टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष और सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ठेका वाहनों का स्टेज कैरिज के रूप में अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन सुरेंद्र सिंह कपकोटी ने बताया कि रामनगर क्षेत्र से प्राप्त अधिकांश शिकायतों में ठेका वाहन मध्यवर्ती स्थानों से सवारियां उठा रहे हैं, जो उनके परमिट शर्तों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ वाहन संचालक अपने वाहनों पर बोर्ड, पोस्टर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सार्वजनिक रूप से सवारियों की जानकारी प्रसारित कर रहे हैं, जो मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमों का उल्लंघन है। एआरटीओ ने सभी टैक्सी और मैक्सी वाहन स्वामियों तथा चालकों को निर्देशित किया कि वे अपने ठेका वाहन केवल निर्धारित परमिट शर्तों के अनुसार ही चलाएं। भविष्य में यदि कोई वाहन या चालक स्टेज कैरिज के रूप में अवैध संचालन करता पाया गया, तो मोटर वाहन अधिनियम 1988 और संबंधित नियमों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें चालान, जुर्माना, परमिट निरस्तीकरण या निलंबन शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### जिप्सियों से अनाधिकृत बदलाव को तुरंत हटाएं

**रामनगर:** एआरटीओ रामनगर ने जिप्सी संगठन के अध्यक्ष और सचिव को पत्र भेजकर जिप्सी वाहनों में किए गए अनाधिकृत परिवर्तन शीघ्र हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसा न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

एआरटीओ सुरेंद्र कपकोटी ने कॉर्बेट पार्क निदेशक एवं संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि रामनगर परिक्षेत्र से संबंधित कुछ जिप्सी वाहनों में अनाधिकृत परिवर्तन किए गए हैं। वाहनों में लगाए गए लगेज कैरियर, आयरन ग्रिल तथा बॉडी में किए गए अन्य परिवर्तन मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत अवैध हैं। साथ ही ये सड़क सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक हैं। ऐसे मामलों में चालान, वाहन जब्ती एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कॉर्बेट पार्क एवं वन विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने माध्यम से सभी जिप्सी वाहन संचालकों एवं स्वामियों को निर्देशित करें कि वे तत्काल प्रभाव से वाहनों से सभी प्रकार के अवैध परिवर्तन हटा लें। इसके अतिरिक्त बिना वैध परमिट के जिप्सी संचालन की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं। बिना मार्ग परमिट व्यावसायिक वाहन का संचालन मोटर वाहन अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। कॉर्बेट जिप्सी संगठन के प्रेम मेहरा ने कहा कि विभागीय आदेशों का पालन होगा।

# भीमताल की झीलों के कायाकल्प की तैयारी



संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर मंथन करते अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता।

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय के निर्देशन में झीलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने की। इसमें झीलों से जुड़े करीब एक दर्जन विभागों के अधिकारी तथा शहर के सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने झीलों के लिए उच्च स्तरीय और कुमाउनी शैली पर सौंदर्यीकरण करने की मांग की। उन्होंने कमल ताल और नल-दमयंती ताल के सौंदर्यीकरण को स्वैच्छिक सहयोग की पेशकश की, जिस पर पालिका और सिंचाई विभाग ने बताया कि संबंधित योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। बीडी. पलड़िया ने भीमताल झील से गाद निकालने और झील में गिरने वाले नालों की नियमित सफाई और ग्राफिक एरा की प्रतिनिधि डॉ. फरहा खान ने झीलों को प्लास्टिक मुक्त रखने, नियमित कूड़ा सफाई, झीलों के चारों ओर मजबूत रेलिंग तथा आकर्षक लाइटिंग का सुझाव दिया। क्षेपंस. पंकज सूर्या ने सातताल क्षेत्र में नियमित कूड़ा उठान के लिए वाहन और कर्मचारियों की तैनाती पर जोर दिया। रमेश पलड़िया ने बंदरों के आतंक से निजात तथा मार्गों पर सौर ऊर्जा लाइटें लगाने की मांग रखी।

डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी ने उद्यान विभाग को डैम के समीप पार्कों तथा झील किनारों पर फूलों से सुसज्जित सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। ईओ राहुल कुमार, डॉ. फरहा खान, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, सिंचाई विभाग के एसडीओ मनमोहन सिंह, पंकज सूर्या, शुभम प्रधान, रमेश पलड़िया महेंद्र धौनी रहे।

### बीडीओ धारी ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**धानाचूली:** मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल के निर्देशों के क्रम में खंड विकास अधिकारी धारी महेश गंगवार ने क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की व्सवस्थाओं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति धानाचूली, मनाघेर, उद्यान सचल केंद्र धानाचूली तथा प्राथमिक विद्यालय धानाचूली नवीन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालयी कार्यप्रणाली एवं गोदाम की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांची।

इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा गोदाम को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। खंड विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण से कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। इस अवसर पर एबीडीओ रमेश सिंह बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक सुनीति रावत सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बालिकाओं को खेलों के लिए करें प्रेरित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के वार्षिक खेल समारोह में प्रतिभाग कर छात्राओं ने अपने अंदर छिपी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और अभिभावकों की खूब वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेल समारोह का शुभारंभ करते हुए विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं को खेलों के लिए भी प्रेरित करें, क्योंकि अब समय बदल चुका है और अब बेटियां खेलों में भी देश का नाम रोशन कर रही हैं।

विद्यालय के क्रीड़ा परिसर में बीईओ प्रतिनिधि जोगा सिंह की उपस्थिति में छात्राओं ने 100 मीटर, 200 मीटर फर्राटा दौड़, ताइक्वांडो और रस्साकशी में प्रतिभाग किया। वहीं जलेबी दौड़, गुब्बारा दौड़, मेढ़क दौड़, पेपर दौड़, बोरा दौड़, बतख दौड़, पैदल दौड़ और रिले दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में भी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षिका विभा बुधानी सहित हेमा मेहरा, दीक्षा जोशी, मनीषा सक्सेना, मीना कुटियाल, प्रेमा भट्ट, बीनू पंवार, दीप्ति तिवारी, मीना खैरी और सुमन नेगी का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन भारती जोशी और मीनाक्षी नेगी ने किया। समारोह में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्य केडी माथुर ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्रिकेट कोच इसरार अंसारी, ताइक्वांडो कोच नीतेश, कलाढूंगी की पूर्व प्रधानाचार्या बसंती अधिकारी तथा विद्यालय की पूर्व भूगोल प्रवक्ता ज्योति कुलाश्री रहीं।



विजेता खिलाड़ियों के साथ विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# वन्यजीवों के आतंक से दिलाएं निजातः विधायक

- विधायक कैड़ा ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में रहे मौजूद

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** राम सिंह कैड़ा ने विकास भवन भीमताल में उत्तराखंड वन विभाग, उद्यान विभाग उत्तराखंड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक ने बताया कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र में बाघ/गुलदार के हमलों में चार महिलाओं की मौत हो चुकी है, लेकिन आदमखोर की पुष्टि और पकड़े गए गुलदारों की डीएनए रिपोर्ट अब तक लंबित है। उन्होंने वन विभाग को शीघ्र पहचान सुनिश्चित करने, प्रभावित गांवों में सौर ऊर्जा लाइटें लगाने और ग्रामीणों को वन्यजीव आतंक से राहत दिलाने के प्रभावी कदम उठाने को कहा। साथ ही धारी, रामगढ़, ओखलकांडा और भीमताल के घाटों में अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी की कमी दूर करने के लिए रानीबाग की तर्ज पर लकड़ी टाल स्थापित करने के निर्देश दिए। किसानों की आलू फसल बीमा भुगतान में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को पूर्ण व उचित बीमा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में डीएफओ नैनीताल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भांग की खेती पर प्रशासन का प्रहार

- 36 नाली में फैली खेती की ध्वस्त नोटिस के बाद भी नहीं माने तो चला अभियान, एसडीएम अंशुल भट्ट ने संभाली कमान

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** धारी तहसील क्षेत्र में भांग की खेती के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ओखलकांडा के ग्राम सभा सुनकोट व कचलाकोट में करीब 36 नाली भूमि में उगाई गई भांग की खेती को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर कड़ा संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से भांग की खेती नदी के पानी से सिंचाई कर की जा रही थी। उप जिलाधिकारी अंशुल भट्ट ने बताया कि संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस जारी कर भांग की खेती स्वयं नष्ट करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में खेती नहीं हटाई गई। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए उनके नेतृत्व में संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पूरी खेती को नष्ट कर दिया।



सुनकोट में अवैध भांग की खेती नष्ट करते एसडीएम अंशुल भट्ट। ● अमृत विचार

एसडीएम भट्ट ने बताया कि क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी अवैध भांग की खेती होने की सूचना मिल रही है। ऐसे मामलों में जल्द ही आबकारी विभाग की टीम को मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।




पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

### पूर्व सैनिकों व शहीद परिजनों को किया सम्मानित

**कोटाबाग :** पूर्व सैनिक संगठन कालाढूंगी-कोटाबाग ने सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सम्मान समारोह में देश की सेवा में लड़े सैनिकों, शहीद जवानों के परिजनों और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को मेयर ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संवेदनशीलता व तत्परता के साथ कार्य कर रही है। यहां जिला कल्याण सैनिक अधिकारी कर्नल रमेश सिंह, पूर्व सैनिक लीग अध्यक्ष कर्नल बीएस रौतेला, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कै. लक्ष्मण सिंह देउपा, सूबे. डीबी नैनवाल, कै. एमसी कबड़वाल, कै. तारा सिंह अधिकारी, कै. सुरेश लाल शाह, सूबे. त्रिलोक सिंह, हयात बिष्ट, बलवंत मेहरा, टीडी जोशी, नायाब सूबेदार ललित मोहन कांडपाल रहे।

कार्यक्रम

ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर

# पुरस्कार वितरण के साथ एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का सफल समापन मॉडल राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मेहरा गांव-1, डोब ल्वेशाल में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें स्वच्छता अभियान, ग्राम सर्वेक्षण, जागरूकता रैली, ट्रैकिंग, नुक्कड़ नाटक, ग्रामीण खेलकूद तथा सामुदायिक सहभागिता जैसी विविध गतिविधियां शामिल रहीं। विशेष सत्र में विद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राफिक एरा के स्वयंसेवकों द्वारा संचालित कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम एवं 'दिशा' कार्यक्रम से प्राप्त अपने अनुभव साझा किए। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए गए। साथ ही संडे सोलर प्रालि. द्वारा तकनीकी जागरुकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया, स्थापना विधि तथा सहयोग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



भीमताल में शिविर के समापन अवसर पर मौजूद अतिथि, शिक्षक और स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

समापन समारोह में पूर्व कुमाऊं मंडल समन्वयक एलएम. पांडे, जिला समन्वयक प्रो. (डॉ.) जगमोहन नेगी, कुमाऊं विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. शिवांगी चन्याल तथा दूरदर्शन के वरिष्ठ पत्रकार गीतांश त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संडे पावर एग्रीटेक प्रालि. के निदेशक ललित मोहन शर्मा एवं कृति शर्मा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मॉडल राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह, भीमताल परिसर के निदेशक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित मित्तल एवं प्रो. (डॉ.) संतोषी सेनगुप्ता, विद्यालय के शिक्षकगण, 100 एनएसएस स्वयंसेवक तथा विद्यालय के 50 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए रोहित कोली और सुनीता देवी को कचरा प्रबंधन एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। भीमताल परिसर के निदेशक ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा की इस यात्रा को निरंतर जारी रखने और समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## सिटी ब्रीफ

### जिला खेल कार्यालय व मानसखंड की टीमें जीती

**हल्द्वानी :** गौलापार स्टेडियम में शुक्रवार को खेल विभाग की टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैचों का आयोजन किया गया। ओएसडी रसिका सिद्दीकी के मार्गदर्शन में हुए पहले मैच में जिला खेल कार्यालय एकादश ने मानसखंड को 30 रनों से हराया। राहुल सिंह (38 रन) व त्रिलोक जीना ने शानदार खेल दिखाया। दूसरे मुकाबले में मानसखंड एकादश ने इंटरनेशनल एकादश को 8 रनों से मात देकर जीत दर्ज की। रिहान ने 39 और महेश ने 36 रन बनाए। आयोजन सचिव रसिका सिद्दीकी ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल 21 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला खेल कार्यालय और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एकादश के बीच होगा

### शिविर में दूर हुईं बिजली की तमाम समस्याएं

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए शुक्रवार को कालाढूंगी चौराहे और टीपीनगर के दानपुरी चौराहा और कठघरिया चौराह में जनसमस्या समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में पहुंचे दर्जनों उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों में गड़बड़ी, मीटर खराब होने और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। एसडीओ यूके भास्कर ने बताया कि शिकायतों की सुनवाई की और निस्तारण किया। अधिशासी अभियंता ईई एसके गुप्ता ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर काटने से बचाना है। खराब मीटरों को बदलने के निर्देश दिए गए और जिन उपभोक्ताओं के बिलों में तकनीकी खामियां थीं, उन्हें दुरुस्त किया गया। साथ ही, विभाग ने नए कनेक्शन के लिए आए आवेदनों की भी जांच की।

### खेल विश्वविद्यालय बनने से निखरेंगी प्रतिभाएं

**हल्द्वानी :** शहर में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय राज्य की खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हल्द्वानी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन वर्मा ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के माध्यम से युवाओं को बीपीएड के साथ-साथ हॉकी, वॉलीबॉल, तैराकी और क्रिकेट जैसे खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर का विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त होगा। नवीन वर्मा ने विश्वास जताया कि सही तकनीकी प्रशिक्षण और सुविधाओं के मिलने से उत्तराखंड के मुक्केबाज, एथलीट और निशानेबाज विश्व पटल पर राज्य का नाम रोशन करेंगे। यहां से तैयार होने वाले कोचों के लिए देश-दुनिया के नामी स्कूलों और खेल अकादमियों में रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

# 25 किलो के पत्थर से वार, उठाने में पुलिस भी हांफी

## मंडी परिसर में शुभम और लक्ष्मी हत्याकांड में हत्यारों ने वजनी पत्थर से किया था वार, चेहरों को बुरी तरह कुचल दिया था

- घटना की तहकीकात से साफ हो रही हत्यारों की हैवानियत
- दोहरे हत्याकांड का सबसे बड़ा सबूत बना खून से सना पत्थर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नवीन मंडी परिसर में हुए सनसनीखेज शुभम और लक्ष्मी हत्याकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, उस रात की दरिंदगी की परतें खुलती जा रही हैं। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के बाद शुक्रवार को जब पुलिस इस मामले के सबसे अहम साक्ष्य (पत्थर) को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाने लगी, तो उसे उठाने में पुलिस जवानों के पसीने छूट गए।

लगभग 25 किलो वजनी यह पत्थर इतना भारी है कि एक सामान्य व्यक्ति इसे आसानी से उठा भी नहीं सकता, लेकिन नशे और नफरत में डूबे आरोपियों ने इसे खिलौने की तरह उठाकर शुभम और लक्ष्मी पर वार किए। यह पत्थर आरोपियों के सिर पर सवार खून और उस रात की हैवानियत की गवाही दे रहा था। नशे में धुत दोस्तों ने शुभम पर इस भारी पत्थर से एक-दो नहीं, बल्कि 12 बार प्रहार किए। जब लक्ष्मी उसे बचाने आई, तो हैवानों ने उसे भी नहीं बख्शा और उसके चेहरे पर इसी 25 किलो के पत्थर से 4 बार वार किए। पत्थर इतना भारी था कि दोनों को संभलने या भागने का कोई मौका नहीं मिला। पुलिसकर्मियों का कहना है कि इतने वजनी पत्थर से ताबड़तोड़ वार करना आरोपियों की क्रूर मानसिकता को दर्शाता है। यह पत्थर इस दोहरे हत्याकांड का सबसे बड़ा साक्ष्य है। फॉरेंसिक जांच के बाद इसे साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स के साथ-साथ अब यह पत्थर आरोपियों को सजा दिलाने का मुख्य आधार बनेगा।


हल्द्वानी कोतवाली में सील करके रखा हुआ पत्थर । ● अमृत विचार


मंडी परिसर में खराब पड़ा सीसी कैमरा।


गुरुवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद शुक्रवार को भी मंडी परिसर में छाया सन्नाटा।

# भगवान भरोसे कुमाऊं की सबसे बड़ी मंडी की सुरक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी


"24 घंटे खुली रहने वाली इस मंडी की सुरक्षा को लेकर हमने कई बार पुलिस और मंडी परिषद को आगाह किया था। हमने साफ कहा था कि यहां कभी भी बड़ी वारदात हो सकती है। मंडी चौकी में पुलिसकर्मियों की कमी है, जिसके कारण गश्त नहीं हो पाती। आज जो हुआ, वह हमारी चेतावनियों को नजरअंदाज करने का नतीजा है। **-कैलाश जोशी**, अध्यक्ष, आलू फड़ व्यापारी आढ़ती एसोसिएशन


"अगर पुलिस और मंडी प्रशासन ने हमारी शिकायतों पर समय रहते संज्ञान लिया होता, तो आज शहर में इतनी बड़ी वारदात नहीं होती। पूरा मंडी क्षेत्र अब नशेड़ियों का सुरक्षित अड्डा बन चुका है। असुरक्षा के इस माहौल में व्यापारियों और किसानों का काम करना दूभर हो गया है। **-दुर्गा दत्त तिवारी**, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, आलू फड़ व्यापारी आढ़ती एसोसिएशन

**अमृत विचारः** कुमाऊं की लाइफलाइन कही जाने वाली नवीन मंडी परिसर इन दिनों भगवान भरोसे है। प्रतिदिन करोड़ों का कारोबार और हजारों लोगों की आवाजाही वाली इस मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। आलम यह है कि पूरे परिसर में निगरानी के लिए एक भी सीसीटीवी कैमरा तक नहीं लगा है। जो कैमरे लगाए गए है वह खराब हैं। जिम्मेदारों की इस घोर लापरवाही के कारण शाम ढलते ही पूरा मंडी परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। मंडी के भीतर सब्जी और गल्ला वर्ग को मिलाकर कुल 400 से अधिक दुकानें संचालित होती हैं। रोजाना 5 हजार से अधिक बड़े व्यापारी और सैकड़ों पर्वतीय किसान अपनी फसल लेकर यहां पहुंचते हैं। इतना बड़ा व्यापारिक केंद्र होने के बावजूद प्रबंधन ने यहां सुरक्षा को ताक पर रख दिया है। रात भर मंडी के गेट खुले रहते हैं, लेकिन वहा तैनात सुरक्षाकर्मी अक्सर यहां से गायब मिलते हैं। बिना किसी रोक-टोक और चेकिंग के संदिग्ध लोगों का आना-जाना यहां आम बात हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि सीसीटीवी न होने से चोरी की घटनाओं का डर बना रहता है। अगर परिसर में कोई बड़ी वारदात हो जाए, तो पुलिस के पास सुराग के नाम पर कुछ भी नहीं होगा।

## डबल मर्डर

### चारों हत्यारोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

**हल्द्वानीः** हल्द्वानी के गल्ला मंडी परिसर में बुधवार देररात प्रेमी जोड़ी की हत्या के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट नैनीताल में पेश किया। यहां पर पुलिस ने आरोपियों से बरामद सामान को भी प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर सभी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सीओ अमित कुमार सैनी ने बताया की कोतवाल हल्द्वानी की निगरानी में आरोपियों को कोर्ट ले जाया गया।

**नहीं दिखी शिकनः** शुक्रवार को आरोपियों को कोतवाली पुलिस जब कोर्ट में पेश करने ले जा रही थी। उस वक्त आरोपियों करीबी बड़ी संख्या में कोतवाली में पहुंचे। लेकिन आरोपी पूरे दबंगई के साथ पुलिस के वाहन में बैठे। इतनी बड़ी वारदात के बाद भी आरोपियों के चेहरे में कोई शिकन नजर नहीं दिखी। उल्लेखनीय है कि बुधवार देर रात आरोपियों ने आपस में हुए विवाद के बाद शुभम और लक्ष्मी की पत्थर से हमला कर नृशंस हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी और हमले का शिकार हुए लोग साथ ही नशा कर रहे थे और मामूली विवाद के बाद आपस में ही भिड़ गए। इस घटना में दो जानें चली गईं।

# चरस और स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

- तस्करी के धंधे में काफी समय से लिप्त है आरोपी
- टीम को देख आरोपी ने नशीले पदार्थ को फेंकने की कोशिश की

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चरस और स्मैक बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह, कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मालधन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ नई बस्ती गुलरघट्टी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें क्षेत्र निवासी दीपक कश्यप उर्फ काली (33 वर्ष) संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। आरोपी ने जेब में रखे नशीले पदार्थ को फेंकने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक और करीब 64 ग्राम चरस बरामद की गई है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।


रामनगर में स्मैक और चरस के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

### आरोपी पर पहले भी कई मुकदमे हैं दर्ज

पुलिस के अनुसार दीपक कश्यप कोई नया नाम नहीं है। उसके खिलाफ 2020, 2021 और 2023 में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक इतिहास की अन्य जनपदों में भी जांच कर रही है। पुलिस ने कहा है कि अवैध नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इंजेक्शन व शराब के साथ दो दबोचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नशे में प्रयुक्त होने वाले इंजेक्शनों के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक अन्य मामले में पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा है।

पुलिस के अनुसार सिंधी चौक के पास टूटे हुए खंडहर के पास बैठा हुआ था। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम आनंद जायसवाल (26) निवासी समता आश्रम गली मंगलपड़ाव बताया। बैग की तलाशी ली तो उसके बैग से 63 नशे में प्रयुक्त होने वाले इंजेक्शन मिले। इनमें 45 इंजेक्शन एक सॉल्ट के और 18 इंजेक्शन अलग सॉल्ट के थे। आरोपी ने बताया कि वह इन इंजेक्शनों को विक्की वाल्मिकी निवासी अम्बेडकर नगर मंगलपड़ाव से लेकर आया है और इनको बेचने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उसके पास से माल को बरामद कर लिया है। साथ ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने 110 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी को सैफी फार्म के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम बलकार सिंह निवासी महौली जंगल, केलाखेड़ा जिला ऊधमसिंह नगर बताया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।


नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

# वैज्ञानिक विश्लेषण से रुकेंगे हादसे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित एक निजी होटल में सड़क दुर्घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का तथ्यात्मक व वैज्ञानिक अध्ययन कर उनकी पुनरावृत्ति रोकना तथा मृतकों और घायलों की संख्या में कमी लाना था।

इस अवसर पर जेपी रिसर्च इंडिया लिमिटेड के विशेषज्ञ सुमित ढुल ने "साइंटिफिक क्रैश इन्वेस्टिगेशन ऑफ एक्सीडेंट" विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना स्थल के सूक्ष्म निरीक्षण, साक्ष्य संकलन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डाला। वहीं, परिवहन विभाग के सहायक निदेशक (सड़क सुरक्षा) नरेश सिंघल ने रोड सेफ्टी और दुर्घटनाओं के समग्र विश्लेषण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ आरटीओ (प्रशासन) गुरदेव सिंह तथा संयुक्त परिवहन आयुक्त राजीव कुमार मेहरा ने किया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लैक स्पॉट की पहचान, आंकड़ों का विश्लेषण, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा मानकों के अनुपालन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और त्वरित रिपोर्टिंग प्रणाली पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, ट्रक यूनियन, चालक प्रशिक्षण संस्थानों सहित करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे, एआरटीओ वीके सिंह, एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व अतिथि।

### चोरों ने चौकीदार के साथ मारपीट की

**हल्द्वानी :** किच्छा रेलवे स्टेशन में चोरी करने कर रहे आरोपियों को रोकने का प्रयास चौकीदार ने किया तो चोरों ने उनके साथ मारपीट की। जिस वजह से चौकीदार को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।

जीआरपी काठगोदाम को रामरूप मीना हाल निवासी रेलवे आवास, संख्या 248 बहेड़ी ने पुलिस को बताया कि किच्छा रेलवे स्टेशन बीती 11 फरवरी की सुबह करीब 4.15 बजे पीवे स्टोर में चौकीदारी ड्यूटी में रमेश कुमार तैनात थे। उन्हें ट्रैक मेंटनेर के स्टोर के सामने कुछ आहट सुनाई दी। देखा तो पता चला कि दो लोग स्टोर के सामने से रेल फिटिंग्स में चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। चौकीदार ने दोनों को ऐसा करने से रोकने तो प्रयास किया। इस पर दोनों चोरों ने चौकीदार के साथ मारपीट शुरू कर दी और धक्का देकर दीवार से नीचे गिरा दिया।

# गोविंदपुर में पेयजल योजना शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रेमपुर लोश्ज्ञानी के गोविंदपुर में 327.33 लाख पेयजल योजना का लोकार्पण विधायक बंशीधर भगत ने किया।

जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के पूर्ण होने से गांव के 512 परिवारों को निजी घरेलू कनेक्शन (एफएचटीसी) दिए गए हैं जिससे प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति हो गई है। वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिली है। विधायक भगत ने कहा कि हर घर जल केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि हर ग्रामीण परिवारों के सम्मान, स्वास्थ्य और सशक्त भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहेगी और प्रत्येक ग्राम तक आधारभूत सुविधाओं की पहुंच की जाएगी। इस दौरान जल निगम ईई मुनीश कुमार, एई अनिल कुमार, जेई फरहान अंसारी, जल निगम यांत्रिक शाखा ईई चमन यादव, एई महेंद्र सिंह, जेई कमल मसीवाल, ग्राम प्रधान गंगा देवी, नंदा बल्लभ बुडलाकोटी, नरेंद्र सिंह, पान सिंह राठौर, गुरमेज सिंह, किशन सिंह नेगी, देवेंद्र कुमार, गीता नेगी, हेमा कर्मयाल, तुलसी धामी, विजय पांडे आदि मौजूद रहे।


गोविंदपुर गढ़वाल में पेयजल योजना का लोकार्पण करते विधायक बंशीधर भगत।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए 9 सैंपल

**रामनगर :** होली के मद्देनजर खाद्यों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा उपायुक्त डॉ. राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को रामनगर के हल्दुआ चेक पोस्ट पर स्वार, रामपुर, मुरादाबाद, गजरौला आदि क्षेत्रों से आने वाले तीन दर्जन से अधिक वाहनों की चेकिंग की।

संदेह के आधार पर दूध, दूध से बने पदार्थों व अन्य खाद्यों के 9 नमूने जांच के लिए भेजे गए। इनमें दूध के तीन, पनीर के दो, ब्रेड के दो व रस्क व नमकीन का एक-एक नमूना शामिल है जिन्हें जांच के लिए खाद्य सुरक्षा की लैब भेजा जा रहा है। वहीं मानकों के अनुसार नहीं मिलने पर स्वार व मुरादाबाद से आ रहे 50 किलो पनीर को मौके पर ही नष्ट कराया गया। तीन खाद्य कारोबारियों को नियमों का उल्लंघन करने पर नोटिस दिए गए।

## चिंताजनक

### युवाओं की मानसिकता पर पड़ रहा एकाकीपन व गलत फ्रेंड्स सर्कल का असर, ग्लैमर के पीछे भागने से अपराध के दलदल में फंस रहे

# चकाचौंध में भटक रहे युवा, अकेलापन और नशे का हो रहे हैं शिकार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में बीते बुधवार को हुई डबल मर्डर की घटना में युवाओं के शामिल होने सेकई सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल खड़ा हो गया है। नशे में चूर 20 से 30 साल के युवाओं ने इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का विश्लेषण करने पर यह जानने को मिलता है कि आज का युवा दुनिया की चकाचौंध में गलत दिशा में भटक रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार घर-परिवार से दूर और अभिभावकों की गाइडेंस के अभाव में वह अकेलेपन का शिकार होते जा रहा है। उसमें आभासी दुनिया के ग्लैमर का इतना आकर्षण है कि वह सही और गलत में भेद नहीं कर पा रहा है। टीनएज और एडल्टहुड में वह अनुभव की कमी और अभिभावकों से कम्युनिकेशन गैप के चलते गलत कार्यों में लिप्त हो रहा है।

घर-परिवार से दूर होने और अभिभावकों के साथ अपनी बातें शेयर नहीं करने के कारण वह मानसिक रूप से कमजोर होते जा रहा है। डबल मर्डर के शिकायर युवक-युवती अपने घर-परिवार से दूर रहते थे और नशे के आदी थे। एसटीएच के साइकोलॉजिस्ट डॉ. युवराज पंत के अनुसार टीनएज और एडल्टहुड में हर कोई आजादी चाहता है। युवाओं में ग्लैमरस दुनिया के प्रति खास आकर्षण होता है। सही गाइडेंस नहीं मिलने और जीवन के अनुभव की कमी के चलते वह नशे और अन्य क्षणिक सुखों की ओर नजदीकी बनाता है।


नशाखोरी का सांकेतिक एआई फोटो।

### बच्चों के साथ निरंतर संवाद बेहद जरूरी

अभिभावकों को बच्चों के रेड फ्लेक्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उनसे लगातार कम्युनिकेशन बनाए रखना जरूरी है। डॉ. युवराज पंत के अनुसार युवाओं की बदलती संदिग्ध एक्टिविटी को रेड फ्लेक्स के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इनमें बच्चों का छोटी-छोटी बातों में चिड़चिड़ा होना, अभिभावकों की जरूरी बातों को इग्नोर करना, घर से दूर रहने वाले बच्चों का उनके अभिभावकों से कई दिनों तक फोन पर बात नहीं करना, नजदीकी रिश्तेदारों से कम्युनिकेशन नहीं कर दूरी बनाना आदि शामिल है। अभिभावकों को बच्चों के रेड फ्लेक्स पर ध्यान देकर उनसे जरूरी कम्युनिकेशन करना चाहिए। इन सभी बातों का ध्यान रख अभिभावक युवाओं को गलत दिशा में भटकने से रोक सकते हैं। जरूरत पड़ने पर साइकोलॉजिस्ट से सलाह-परामर्श कर सकते हैं।

### परिवार टूटने से बचाएं बच्चों के दोस्त बनें

एमबीपीजी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र सिजवाली के अनुसार हमारे देश में धीरे-धीरे परिवार अलग-थलग रहे हैं। बच्चों को भी 18 साल के बाद एक अलग तरह की आजादी चाहिए। इस चाह में वे परिवार से भूलकर अपना एक अलग फ्रेंड सर्कल बना लेते हैं। उन्हें इस फ्रेंड सर्कल के सही या गलत होने का कोई फर्क नहीं पता होता है। उन्होंने अभिभावकों से उनके 18 साल से अधिक उम्र के बच्चों के साथ दोस्त की तरह व्यवहार करने और कम्युनिकेशन बनाए रखने को जरूरी बताया है।


उत्तराखंड क्रांति दल के सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी से जुड़े नए सदस्य।

### आप के पूर्व जिलाध्यक्ष ने उक्रांद की सदस्यता ली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल का सदस्यता अभियान जोरों पर है। आम आदमी पार्टी के नैनीताल व अल्मोड़ा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव लोचन ने उक्रांद की सदस्यता ग्रहण की। वहीं, अभियान को सफल बनाने के लिए जोर रहा। शुक्रवार को मुखानी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में उक्रांद की बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने घर-घर चर्चा, घर-घर पर्चा अभियान को लेकर मंथन किया। साथ ही उक्रांद की आगामी कार्यशालाओं के लिए रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने अब उत्तराखंड को राष्ट्रीय नहीं क्षेत्रीय दलों की जरूरत है जो उत्तराखंड व उत्तराखंड वासियों की समस्याओं व समाधान को पर काम करें। इस अवसर पर आप के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव लोचन ने उक्रांद की सदस्यता ली। उन्होंने कहा कि वह दल की रीती व नीति के अनुसार काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इसके अलावा, सुरेश चन्द्र पांडे, बच्ची सिंह बिष्ट, विजय बत्रा, जगदीश चन्द्र उपाध्याय, अमित अग्रवाल व वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने भी सदस्यता ग्रहण की।

सिटी ब्रीफ

## बिजली चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** विद्युत विभाग और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने खेड़ा बस्ती क्षेत्र में दो उपभोक्ताओं को अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, उपखंड अधिकारी अन्नू अरोरा और विजिलेंस के सहायक अभियंता पुनीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने 30 जनवरी को खेड़ा बस्ती में दबिश दी। जांच के दौरान पाया गया कि सबूरा 0.713 किलोवाट और दरियानगर निवासी रवि कुमार 0.134 किलोवाट की बिजली चोरी कर रहे थे। दोनों आरोपी मुख्य विद्युत पोल से कटिया डालकर अवैध कनेक्शन चला रहे थे। संयुक्त टीम ने तत्काल प्रभाव से विद्युत कनेक्शन काटकर चोरी में प्रयुक्त तारों को सील कर दिया है। अवर अभियंता पारुल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 38 पाउच कच्ची शराब सहित एक दबोचा

**खटीमा :** सत्रहमील चौकी के उपनिरीक्षक पुराण चंद्र पांडे मझोला क्षेत्र में गश्त के दौरान मझोला पहुंचे तो मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि धनकुना रोड पर एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस उस झोपड़ी में पहुंची तो झोपड़ी के अन्दर एक व्यक्ति मिला। पूछताछ में उसने स्वयं को तीरथ सिंह निवासी वार्ड 14 आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर हाल निवासी मझोला बताया। थैले की तलाशी में 38 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# सरस आजीविका मेले की तैयारियां पूरी, मुख्यमंत्री धामी करेंगे शुभारंभ

## डीएम-विधायक ने किया निरीक्षण, गांधी पार्क में आयोजित होगा यूडीएन कार्निवाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर कार्निवाल 'सरस आजीविका मेला 2026' के लिए गांधी पार्क पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया और विधायक शिव अरोरा ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। 14 से 23 फरवरी तक चलने वाले इस 10 दिवसीय मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

मेले में 150 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां उत्तराखंड की समृद्ध ''सर्वसमाज संस्कृति'' की झलक देखने को मिलेगी। उद्घाटन समारोह में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट और मेयर विकास शर्मा भी शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर कड़े निर्देश दिए। भीड़ नियंत्रण और सुगम संचालन के लिए विशेष योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए पार्किंग की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल से बाहर रखी गई है। इस आयोजन से स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों को बड़ा मंच मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एमएनए शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता लोनिवि गजेंद्र सिंह, उमाकांत चतुर्वेदी, सुशील कुमार, असित आनंद आदि मौजूद रहे।



गांधी पार्क में मेला स्थल का निरीक्षण करते डीएम नितिन भदौरिया और विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### त्रिशूल चौक की तैयारी में जुटे मेयर

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने इंदिरा चौक यानी त्रिशूल चौक की तैयारियों का जायजा लिया और खुद ही तैयारियों में जुट गए। क्योंकि महापौर ने कुर्सी संभालते ही इंदिरा चौक को त्रिशूल चौक और डीडी चौक को डमरु चौक बनाने की घोषणा की थी। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि त्रिशूल चौक का सीएम पुष्कर सिंह धामी लोकार्पण करेंगे और जल्द ही डमरु चौक का निर्माण भी होगा। जिसके लिए निगम पार्षदों को आदेशित कर दिया है, क्योंकि अब निगम सीमा में प्रवेश करते ही त्रिशूल चौक के दर्शन होंगे।

### हर जाति को साधने का किया प्रयास

**रुद्रपुर :** प्रदेश की धामी सरकार ने आजीविका सरस मेले में हर जाति धर्म को साधने की कोशिश की है। यही कारण है कि दस दिवसीय सरस मेले में प्रतिदिन जाति-धर्म के विख्यात कलाकारों को बुलाया गया है। जैसे पंजाबियों को साधने के लिए जस्सी गिल, बब्बल राय, बंगाली समुदाय के लिए इमान चक्रवर्ती, जनजातियों को साधने के लिए राकेश खनवाल व हिमनद बैंड, पर्वतीय समुदाय को खुश करने के लिए पर्वतीय कलाकार रुपेश मिश्रा व श्वेता मेहरा, गोविंद दिगारी, ललित मोहन जोशी, खुशी जोशी, राकेश पनेरु, राकेश जोशी के अलावा हिंदुत्व का संदेश देने के लिए श्रीराम भारतीय कला केंद्र की प्रसिद्ध रामायण, तनौरा नृत्य, पांडवाज बैंड व कलाकारों को बुलाया गया है।

## फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करना पड़ा भारी

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करना पंतनगर की एक महिला के लिए मुसीबत बन गया। फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करते ही महिला को अश्लील मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर साइबर सेल और थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मेट्रोपोलिस कॉलोनी निवासी पीड़िता के फेसबुक अकाउंट पर एक अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के कुछ समय बाद ही आरोपी उसे अश्लील और आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। महिला द्वारा जवाब न देने पर आरोपी ने उसका फेसबुक प्रोफाइल दूसरे मोबाइल नंबरों पर साझा कर दिया।

हैरानी की बात यह है कि अज्ञात कॉलर ने महिला के स्कूल और सह-शिक्षिकाओं को लेकर भी अभद्र टिप्पणियां शुरू कर दीं। लगातार मिल रही धमकियों और ब्लैकमेलिंग के कारण पीड़िता मानसिक तनाव में है। पुलिस अब मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया आईडी के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# बजट सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग उठाई



कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बजट सत्र में जनहित के मुद्दों पर चर्चा और मुख्यमंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट प्रभारी गौरव पांडेय को सौंपा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बजट सत्र कम से कम तीन सप्ताह का होना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न और बढ़ते अपराधों जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हो सके। उन्होंने मांग की कि सत्र के दौरान कम से कम तीन सोमवार ऐसे रखे जाएं जहां मुख्यमंत्री स्वयं विभागों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें।

ज्ञापन में राज्य के पुराने कानूनों और पंचायती राज एक्ट में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन मांगों पर गौर नहीं किया, तो पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, उमा सरकार, पार्षद मोहन भारद्वाज, पार्षद जितेश शर्मा, प्रीति साना, बाबू विश्वास, ज्योति टम्टा, शोभा उपाध्याय, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# धर्मांतरण 'लेटर बम' मामले में नया मोड़

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में सोशल मीडिया पर वायरल हुए धर्मांतरण संबंधी गुमनाम पत्र के मामले में पुलिस और एलआईयू की जांच जारी है। इस सनसनीखेज मामले में एसपी क्राइम निहारिका तोमर का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक की तफ्तीश में युवती पर धर्मांतरण के दबाव का कोई भी ठोस साक्ष्य या दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है।



निहारिका तोमर।

पुलिस जांच में पता चला कि यह पत्र सरस्वती शिशु मंदिर के गेट पर एक छात्रा को मिला था, जिसने इसे स्कूल की महिला कर्मचारी को सौंपा। कर्मचारी ने पत्र की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी और मूल पत्र को संभवतः फाड़कर फेंक दिया गया।

एसपी क्राइम ने बताया कि पुलिस अब उस असली पत्र की तलाश कर रही है ताकि युवती की लिखावट का मिलान किया जा सके। फिलहाल, यह मामला हकीकत है या महज एक अफवाह, इसकी पुष्टि मूल साक्ष्य मिलने के बाद ही हो पाएगी। पुलिस और एलआईयू की टीम संदिग्ध युवती और पत्र के स्रोत की गहराई से जांच कर रही है।

## किशोरी की बरामदगी को लेकर आक्रोश

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में विधायक शिव अरोरा ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ एसपी क्राइम निहारिका तोमर से मुलाकात की। उन्होंने किशोरी की जल्द बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

विधायक अरोरा ने बताया कि बिहार निवासी आरोपी अशरफ ने किशोरी का अपहरण किया है। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि गिरफ्तारी के डर से आरोपी किशोरी को लेकर गुड़गांव से भी फरार हो गया है। आरोप है कि अभियुक्त द्वारा पीड़ित परिवार को लगातार धमकाया भी जा रहा है। एसपी क्राइम ने विधायक को आश्वस्त किया कि विशेष टीम आरोपी की धरपकड़ में जुटी है।



गदरपुर में चेकिंग अभियान चलातीं उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

### बिना नंबर प्लेट की जेसीबी सहित 9 वाहन सीज

**गदरपुर (अमृत विचार) :** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गदरपुर और दिनेशपुर पुलिस ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह की अध्यक्षता में हुई इस कार्रवाई से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 वाहनों के चालान काटे। वहीं, बिना नंबर प्लेट के चल रही एक जेसीबी सहित कुल 9 वाहनों को सीज कर दिया गया। एसडीएम ऋचा सिंह ने स्पष्ट किया कि बिना दस्तावेज, ओवरलोडिंग और बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालन पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

# 500 से अधिक वाहनों के चालान

- हादसों पर अंकुश लगाने के लिए एआरटीओ की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के निर्देश पर एआरटीओ और पुलिस ने जिले भर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। शुक्रवार को हुई इस संयुक्त कार्रवाई में रुद्रपुर, बाजपुर, किच्छा और खटीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों में ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

एआरटीओ रुद्रपुर नवीन सिंह ने बताया कि 11 से 13 फरवरी तक चले इस तीन दिवसीय अभियान में कुल 569 वाहनों का चालान किया गया और 31 वाहनों को सीज किया गया, जिससे 12.28 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया। वहीं, एआरटीओ काशीपुर संदीप वर्मा के नेतृत्व में गठित चार टीमों ने काशीपुर, गदरपुर और जसपुर क्षेत्र में 87 वाहनों के चालान काटकर 18 वाहनों को सीज किया।

चेकिंग के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। इस अभियान में एसडीएम गौरव पांडेय, एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा और तहसीलदार पंकज चंदोला सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।





चेकिंग के दौरान दस्तावेज देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

## 14 मार्च को लोक अदालत लगेगी

**रुद्रपुरः** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने बताया कि लोक अदालत सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रुद्रपुर मुख्यालय सहित काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज और किच्छा के दीवानी न्यायालयों में आयोजित होगी।

लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्री-लिटीगेशन और न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से चेक बाउंस, धन वसूली, श्रम विवाद, बिजली व जल बिल, वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, और राजस्व से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी। सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने कहा कि लोक अदालत में मामलों को सुलझाने से समय और धन दोनों की बचत होती है।

# मोक्ष धाम की सुंदरता दिखेगी राष्ट्रीय स्तर पर

- गदरपुर में भजन सम्राट शेखर जायसवाल ने की शूटिंग

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** अपनी सुंदरता के लिए विख्यात गदरपुर का 'मोक्ष धाम' अब राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाएगा। प्रसिद्ध भजन सम्राट शेखर जायसवाल ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में अपने नए भजन 'भोले से दिल क्यों लगाया है' की शूटिंग के लिए इस स्थान को चुना है।

पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुड्डी के विशेष प्रयासों और आग्रह पर शूटिंग टीम ने मोक्ष धाम का भ्रमण किया और इसकी भव्यता से प्रभावित होकर यहां फिल्मांकन किया। इस उपलब्धि से मोक्ष धाम के अध्यक्ष विजय सुखीजा की मेहनत और सौंदर्यीकरण के प्रयासों की चर्चा अब देश-विदेश में होगी।

भजन सम्राट शेखर जायसवाल ने स्थान उपलब्ध कराने के लिए सुखीजा की प्रशंसा की और सहयोग के लिए अंजू भुड्डी का आभार जताया। यह भजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रिलीज किया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी अंजू भुड्डी के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर में फिल्माए गए एक भजन को 25 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। इस पहल से गदरपुर के धार्मिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलने की उम्मीद है।



गदरपुर में मोक्ष धाम के अध्यक्ष विजय सुखीजा के साथ शूटिंग टीम। ● अमृत विचार

# लिटिल चैंप कार्यक्रम में मोहा मन

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** सेंट लामार्ट स्कूल में किया गया आयोजनशांतिपुरी (अमृत विचार): सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो-दिवसीय ''लिटिल चैंप'' कार्यक्रम का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालकुआं नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोटनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार के साथ अपनी मातृभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए।

समारोह में नन्हे बच्चों ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना और देशभक्ति के साथ-साथ कुमाउनी लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा परनिता कोरंगा और सौम्या ने किया। प्रबंधक प्रमोद वर्मा ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एकेडमिक निदेशक उमेश बोरा और प्रधानाचार्य ब्रिज मोहन कुनियाल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



सेंट लामार्ट स्कूल में आयोजित लिटिल चैंप कार्यक्रम में बच्चों के साथ मुख्य अतिथि।

## बाइक से गिर गया था मांस से भरा थैला

**काशीपुरः** महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा के बीच गुरुवार सुबह महाराणा प्रताप चौक स्थित आरओबी पर मांस के टुकड़े और मुर्गे के पंजे बिखरे मिलने से हड़कंप मच गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट ने तुरंत पर्यावरण मित्रों को भेजकर सफाई कराई। कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की जांच में स्पष्ट हुआ है कि यह कोई शरारत नहीं, बल्कि एक दुर्घटना थी। फुटेज में एक बाइक पर सवार महिला और पुरुष जाते हुए दिख रहे हैं, जिनके पीछे लटका थैला बाइक के झटके के कारण सड़क पर गिरकर खुल गया था। पुलिस अब बाइक नंबर के आधार पर संबंधित आरोपियों की तलाश कर रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

### सूचना

मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम GAJENDRA SINGH MAHRA अंकित है। जबकि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम GAJENDRA SINGH MEHRA अंकित है। उक्त दोनों ही नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे दोनों नाम से जाना और पहचाना जाए। **गजेन्द्र सिंह मेहरा पुत्र श्री राम सिंह मेहरा, ग्राम- छिनकी, खटीमा, उधम सिंह नगर**

विश्व रेडियो दिवस विशेष | रामगढ़ विकासखंड के सूपी स्थित सामुदायिक रेडियो 'कुमाऊं वाणी' बना चुका है मजबूत पहचान

# मुक्तेश्वर से जन-जन तक पहुंचा 'कुमाऊं वाणी'

दान सिंह लोधियाल, धानाचूली

**अमृत विचारः** पहाड़ की बोली, लोगों की कहानियां और समाज की धड़कन इन सबको एक साथ जोड़ने वाला नैनीताल जिले के रामगढ़ विकासखंड के सूपी स्थित सामुदायिक रेडियो 'कुमाऊं वाणी' आज विश्व रेडियो दिवस पर अपने 16 वर्षों के प्रेरक सफर के साथ एक मजबूत पहचान बना चुका है।

वर्ष 2010 में महज एक घंटे के सीमित प्रसारण से शुरू हुई यह पहल आज रोजाना 8 घंटे के नियमित कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे कुमाऊँ क्षेत्र में जागरुकता, संवाद और सशक्तिकरण का प्रभावी मंच बन चुकी है।

सामुदायिक भागीदारी और नवाचार के कारण कुमाऊंवाणी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। खेती और ग्रामीण विकास में तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए इसे मंथन अवार्ड सहित अनेक पुरस्कार मिले हैं।

### पर्यावरण और खेती पर जन-जागरूकता की मिसाल



**धानाचूली :** द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के मार्गदर्शन में संचालित यह रेडियो स्टेशन पर्यावरण संरक्षण और स्थायी खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और स्थानीय भाषा में ग्रामीणों तक पहुंचा रहा है। जैविक खेती, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर प्रसारित कार्यक्रमों ने पहाड़ी समुदाय को नई दिशा दी है। हाल ही में टेरी की निदेशक विभा धवन ने स्टेशन का दौरा कर टीम के प्रयासों की सराहना की।

### प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद

कुमाऊँवाणी की सबसे बड़ी ताकत है सीधा संवाद। जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी स्वयं रेडियो कार्यक्रमों में शामिल होकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं और श्रोताओं के सवालों का जवाब देते हैं। इस पहल ने ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का मंच दिया है, जिससे कई मुद्दों का त्वरित समाधान भी संभव हुआ है।

### स्थानीय संस्कृति और कला का सशक्त मंच

रेडियो की आत्मा उसकी स्थानीयता में बसती है। कुमाउनी बोली में प्रसारित कार्यक्रमों के माध्यम से लोक कलाकारों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की प्रेरक कहानियां घर-घर तक पहुंच रही हैं। रेडियो नाटक, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पहाड़ की परंपराओं और लोक संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं। कई प्रतिष्ठित कलाकार भी इस मंच से जुड़कर अपनी जड़ों से जुड़ाव दर्शा चुके हैं।

### पहाड़ की उम्मीदों की बुलंद आवाज

कुमाऊँवाणी अब केवल एक रेडियो स्टेशन नहीं, बल्कि पहाड़ की उम्मीदों, संघर्षों और सपनों का जीवंत मंच बन चुका है। स्थानीय जनता का विश्वास और सहयोग ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो हर दिन नई ऊर्जा के साथ समुदाय की आवाज़ को दूर-दूर तक पहुँचा रहा है। 90.4 मेगाहट्र्ज की यह गूंज सच में पहाड़ की धड़कन बन चुकी है।

**समर्पित टीम की मेहनत :** प्रबंधक मोहन कार्की के नेतृत्व में जितेंद्र, बहादुर, नारायण मेहता सहित पूरी टीम दिन-रात रेडियो को सशक्त बनाने में जुटी है। फील्ड रिपोर्टर तारा सिंह लोधियाल, महेश पंचम, हरीश बिष्ट, सुरेंद्र डंगवाल, कविता बिष्ट और गोपाल गुरुरानी जैसे समर्पित साथी दूरस्थ ग्रामीण इलाकों की आवाज बनकर काम कर रहे हैं।



खटीमा में आयोजित विधिक शिविर में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

## विधिक शिविर में बच्चों को किया जागरूक

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिक्षा भारती इंटर कॉलेज में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका विषय बच्चों के साथ मैत्री पूर्ण लीगल सर्विस 2024 व्यवहार जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, दिव्यांग बालकों के लिए कानून रहा। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीपचंद उप्रेती ने की। मुख्य अतिथि न्यायाधीश आशीष तिवारी रहे। संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता कुमारी चंचल सिंह ने बाल अपराधों के बारे में बताया। शहाना बेगम ने माइकल एक्टर एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। इस अवसर पर कॉलेज की कोऑर्डिनेटर सीमा उप्रेती, कमला तिवारी, मीरा देवी, भगवती राणा, आरबी सिंह आदि उपस्थित रहे।

**ब्रीफ न्यूज**

### पति और ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**बाजपुर :** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति, सास और ननद पर मारपीट व मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसकी ननद कुछ दिनों से मायके आई हुई है, जिसके बाद से तीनों मिलकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। विरोध करने पर पीड़िता के साथ गाली-गलौज की जाती है और उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला ने भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सितारगंज में दो दिन बंद रहेंगी मीट-मांस की दुकानें

**सितारगंज :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 14 और 15 फरवरी को मीट-मांस, मछली की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश गर्ग ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर धार्मिक श्रद्धा व आस्था को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुकान बंद रखने की सूचना व्यापारियों को दी जा रही है।

### स्कूली बच्चों को बताए उनके अधिकार

**गूलरभोज :** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय, आदर्श नगर में शुक्रवार को ''नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना'' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक नूर आलम की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 67 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पैनल अधिवक्ता मंजू सरकार और पीएलवी कुंवर सिंह, मीना, सोनामती व दीपा ने बच्चों को बाल अधिकारों, बाल तस्करी से बचाव और निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान छात्रों को चाइल्ड हेल्प नंबर और नालसा टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सूरज सिंह डसीला, अहसान, गोविंदी भंडारी आदि उपस्थित रहे।

### झनकट के अभिकर्ता शिव कुमार को मातृशोक

**खटीमा :** झनकट क्षेत्र के अभिकर्ता शिव कुमार की माता छिद्दो देवी (85 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्रों—शिव कुमार, मनोज सिंह और संजीत सिंह सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

**वंचित राज्य आंदोलनकारियों ने विधायक चीमा से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा गया**

# विधानसभा में उठाएं आंदोलनकारियों का मुद्दा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** राज्य निर्माण सक्रिय आंदोलनकारी समिति और उत्तराखंड वंचित राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के संयुक्त मोर्चे ने शुक्रवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान आंदोलनकारियों ने विधायक को एक मांग पत्र सौंपते हुए राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की।



काशीपुर में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा को ज्ञापन सौंपते वंचित राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि जिस प्रकार खटीमा विधायक ने विधानसभा में आवाज उठाई है, उसी तरह वे भी आगामी सत्र में काशीपुर के वंचित आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण का मुद्दा उठाएं। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने आंदोलनकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह उनकी मांगों के साथ हैं और इस विषय को प्राथमिकता से शासन के समक्ष रखेंगे। इस दौरान अशोक सिंघल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सनत कुमार, कृष्ण चंद्र पप्पने, अतुल गुप्ता, अमित कुमार, ओमपाल सिंह, अशोक सिंधवानी, राम मेहरोत्रा, अनुराग सारस्वत मौजूद रहे।

### रोडवेज पर मात्र 13 रुपये में भोजन

**किच्छाः** समाज सेवा और गरीब तबके को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किच्छा रोडवेज बस स्टैंड पर एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। यहां अब आम आदमी को मात्र 13 रुपये में राजमा-चावल की भरपेट लंगर सेवा उपलब्ध होगी। शुक्रवार को गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा के सेवादार बाबा चंदन सिंह और क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने संयुक्त रूप से इस सेवा का शुभारंभ किया। युवा समाजसेवी गुरदेव सिंह विर्क के नेतृत्व में युवाओं की टीम द्वारा यह लंगर सेवा शुरू की गई है। सेवा के संयोजक गुरदेव सिंह ने बताया कि महंगाई के दौर में निर्धन वर्ग को सम्मानजनक और सस्ता भोजन उपलब्ध कराना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। यह लंगर सेवा प्रतिदिन दोपहर के समय रोडवेज बस स्टैंड पर संचालित की जाएगी।




मझोला के एसके पब्लिक स्कूल में विजेताओं के साथ अतिथि।

### एसके पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल संपन्न

**खटीमा :** एसके पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक जगजीत सिंह और अजय चक्रवर्ती ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के मैदान पर हुई प्रतियोगिताओं की सौ मीटर फर्राटा रेस में मोहम्मद उजैब और जसप्रीत कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में अंशराज और हरकीरत कौर, लंबी कूद में वंश और दीपशिखा तथा गोला फेंक में हरगुण सिंह और अमनप्रीत कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रबंधक सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन लक्ष्मण सिंह और सीपी सक्सेना ने किया। जबकि निर्णायक की भूमिका डीएस नेगी, जयदीप सिंह, नीरज एवं माया सैनी ने निभाई।

# लीज एग्रीमेंट के उल्लंघन पर एमडी पर प्राथमिकी

**अस्पताल का बैंक खाता फ्रीज कर एक करोड़ हड़पने का आरोप**

संवाददाता सितारगंज

> न्यायालय के आदेश पर अस्पताल के एमडी डॉ. आरिफ खान सहित अब्दुल, आजम, रियाज और दीप्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की विवेचना की जा रही है।
> **- बीएस धौनी**, सीओ सितारगंज

> डॉ. अतुल पांडे द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। पहले भी पुलिस ने इन मामलों में जांच की थी। लेकिन उन्हें कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले। सीएम पोर्टल में भी शिकायत की थी। डॉ. अतुल पांडे ने ही पहले एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन किया था। जिसके बाद बैंक खाते को फ्रीज कराया गया।
> **- डॉ. आरिफ खान**, एमडी प्रयास अस्पताल, सितारगंज

**अमृत विचार :** प्रयास अस्पताल के लीज एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन करने व अस्पताल के बैंक खाते को फ्रीज कर उसमें जमा करीब एक करोड़ रुपये का गबन करने के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अस्पताल के एमडी डॉ. आरिफ खान सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गांव भमरौला, रुद्रपुर निवासी डॉ. अतुल पांडे ने बताया कि उन्होंने और पत्नी डॉ. ऋचा पांडे ने अगस्त 2023 में प्रयास अस्पताल को 5 साल के लिए लीज पर लिया था। इसके बाबत उन्होंने अस्पताल के एमडी डॉ. आरिफ खान के साथ लीज एग्रीमेंट साइन किया था। एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार अस्पताल का किराया 15 लाख रुपये प्रतिमाह तय किया गया। साथ ही, यह भी तय किया गया कि अस्पताल के किसी भी कार्य में किसी व्यक्ति का दखल नहीं होगा। इसके अलावा अस्पताल के नाम का एक बैंक खाता, जो कोटक महिंद्रा बैंक, सितारगंज में है, वह भी उन्हें सौंप दिया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. आरिफ खान ने डॉ. अतुल पांडे को बैंक खाते का पांच साल के लिए ऑथराइज्ड सेक्रेटरी बनाया। इन पांच सालों में खाते में आई रकम पर एमडी डॉ. आरिफ खान का कोई अधिकार नहीं होगा।


आरोप लगाया कि 14 जुलाई 2025 को एमडी डॉ. आरिफ खान ने खाते में जमा करीब एक करोड़ रुपये को गलत तरीके से हड़पने के लिए बैंक कर्मियों के साथ मिलीभगत कर फ्रीज कर दिया। जिस कारण उसे काफी आर्थिक और मानसिक क्षति हुई। फिर, 21 जुलाई 2025 को एमडी डॉ. आरिफ खान कुछ बदमाशों के साथ अस्पताल में आए और उनके स्टाफ के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के स्टाफ विनोद राय को जान से करने के लिए उस पर हमला कर दिया।

डॉ. अतुल पांडे ने बताया कि अभी भी प्रयास अस्पताल में उनका कीमती और महंगा सामान रखा है। जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये है। वह भी आरोपी ने हड़प लिया है। आरोप लगाया कि अस्पताल के एमडी डॉ. आरिफ खान लगातार उन्हें व उनके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिससे उनका परिवार काफी डरा-सहमा है। उन्हें डर है कि भविष्य में वह उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं।

### बंटवारे के बाद भाइयों में विवाद

**खटीमाः** तहसील के टेढ़ाघाट क्षेत्र में जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद पुलिस थाने पहुंच गया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी भाई और उसके बच्चों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टेढ़ाघाट निवासी तिलकराज के अनुसार, 16 नवंबर 2025 को उनके भाइयों के बीच घरेलू बंटवारा हुआ था, जिसके बाद सभी अपने-अपने हिस्से पर काबिज हो गए। आरोप है कि अगले दिन जब तिलकराज अपने पुत्र करन और पुत्री सोनी के साथ अपनी भूमि पर चाहरदीवारी (बाउंड्री वाल) बना रहे थे, तभी उनके भाई मोहन ने अपने पुत्रों रोहित, राहुल और पुत्री पूजा के साथ मिलकर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि विवाद के दौरान रोहित ने उनके पुत्र करन के सिर पर सब्बल से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तिलकराज ने बताया कि सत्रहमील चौकी और एसएसपी से शिकायत के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब न्यायालय के सख्त आदेश पर पुलिस ने मोहन, रोहित, पूजा और राहुल के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# विधायक बेहड़ ने किया 8 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण



किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

- **ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं, विधायक का किया स्वागत**

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए तीन विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र में हुए सुधारों के लिए उनका आभार जताया।

विधायक बेहड़ ने ग्राम नारायणपुर के श्मशान घाट में 5 लाख रुपये की लागत से हुए निर्माण कार्य तथा सुंदर कॉलोनी में मंदिर के गुंबद निर्माण व सौंदर्यीकरण (कुल लागत 3.27 लाख रुपये) का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने नारायणपुर कोठा में दिवंगत ''लगन देवी मार्ग'' का भी उद्घाटन किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बेहड़ ने कहा कि गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कांग्रेस नेता सुदीश प्रताप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। मौके पर ग्राम प्रधान दीपिका देवी, प्रेम आर्य, राजेश प्रताप सिंह, सुदीश प्रताप सिंह, अवनेंद्र सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, नंदकिशोर, रणजीत सिंह, राजकुमार, सुनील सिंह, संतोष कुमार, हरिओम चौहान आदि मौजूद रहे।

# संजना मंडल को किया सम्मानित

- **देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने दिया सम्मान**

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** देवनगर निवासी संजना मंडल को सामाजिक सेवा एवं ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में, उल्लेखनीय योगदान के लिए नन्दाशिखर सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। देहरादून में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने संजना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



देहरादून में संजना मंडल को सम्मानित करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

संजना मंडल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वर्ष 2021 से, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाया। उन्होंने सब्जी उत्पादन एवं दुग्ध व्यवसाय को सफलतापूर्वक विकसित कर न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की, बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी आजीविका के नए मार्ग प्रशस्त किए।

इसके साथ ही संजना मंडल द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, शिक्षा एवं नशामुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर निरंतर जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया गया। संजना की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### महिलाओं को दिया हर्बल गुलाल, धूप और मशरूम खेती का प्रशिक्षण

**पंतनगर :** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय ने भीमपुरी गांव (कोटाबाग) में तीन-दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। भुवनेश्वर स्थित केंद्रीय महिला कृषि संस्थान के सहयोग से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति की कृषक महिलाओं का कौशल विकास और आजीविका संवर्धन करना था। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को कम लागत में हर्बल गुलाल और धूप निर्माण की व्यावहारिक तकनीक सिखाई गई। इसके साथ ही, विशेषज्ञों ने मशरूम की वैज्ञानिक खेती और उसके विपणन (मार्केटिंग) के गुर भी सिखाए। शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वच्छता और बैंक प्रबंधकों द्वारा स्वरोजगार हेतु सरकारी ऋण योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अंतिम दिन महिलाओं को प्राकृतिक रंगाई का प्रशिक्षण दिया गया।

# राजभवन घेराव को सफल बनाने का आह्वान

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** राजभवन घेराव को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।



राजभवन घेराव कार्यक्रम की जानकारी देते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गौरतलब है कि कांग्रेस प्रदेश की कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, अंकिता भंडारी मर्डर, सुखवंत हत्याकांड, रजिस्ट्री पर लगी रोक जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरने की तैयारियों में जुटी है। इसके लिए आगामी 16 फरवरी को राजभवन का घेराव कार्यक्रम प्रस्तावित है। राज भवन घेराव को सफल बनाने को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने युवाओं से आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, अपराध और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार जवाब देने से बच रही है, जिसे अब कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व विधायक प्रेमानंद ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं सरकार की नाकामी को दर्शाती हैं। प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने महिलाओं की सुरक्षा को सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि प्रदेश में आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार जन समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों पर सड़क से लेकर राजभवन तक संघर्ष करेंगे।

वहीं दिनेशपुर नगर अध्यक्ष नारायण हालदार ने कहा कि 16 फरवरी का राजभवन घेराव ऐतिहासिक होगा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। बैठक में सुभाष बेहड, भीम ठुकराल, चंदन नयाल, किशोर सामंत, किशोर हालदार आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | **प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में शिवरात्रि पर्व पर आज से शुरू होगा आठ दिवसीय मेला**

# रामबाग मेले में बुक्सार की लोक संस्कृति के होंगे दर्शन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आयोजित आठ दिवसीय मेले का शुभारंभ शनिवार को पूजा-अर्चना के साथ होगा। मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरिया ने बताया कि मेला तराई में बुक्सा जनजाति की धरोहर है। मेले में बुक्सार की लोक संस्कृति के सजीव दर्शन होते हैं। मेले की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। शनिवार को कांवड़िए हरिद्वार से पैदल चलकर पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचेंगे। रात्रि 12 बजे के बाद से पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक शुरू होगा। रविवार को पूरे दिन श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा। इधर, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए पर्याप्त फोर्स तैनात की गई है। स्थायी मेला प्रभारी एसआई प्रदीप शर्मा को नियुक्त किया गया है। मेले में पीएससी, होमगार्ड व पीआरडी के जवान भी तैनात रहेंगे। एक फायर यूनिट का वाहन भी मौके पर लगाया गया है।



रामबाग मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरिया व पुजारन मंतो देवी।



गदरपुर में शिविर के दौरान मौजूद भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने लगाया कांवड़ सेवा शिविर

**गदरपुर :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों की सेवा के लिए गदरपुर में भक्ति और जनसमर्पण का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा द्वारा झगड़पुरी हाईवे के समीप एक भव्य सेवा पंडाल स्थापित किया गया है, जो पैदल यात्रियों के लिए बड़ी राहत बना हुआ है। इस सेवा शिविर में कांवड़ियों के लिए विश्राम, शुद्ध सात्विक भोजन और जल की विशेष व्यवस्था की गई है। गुंजन सुखीजा ने बताया कि 13 और 14 फरवरी को यह लंगर सेवा निर्बाध रूप से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना प्रत्यक्ष रूप से महादेव की आराधना है।

### अस्पताल को सौंपे अत्याधुनिक उपकरण

**सितारगंजः** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ओएनजीसी कंपनी ने बड़ी पहल की है। कंपनी ने अपने सीएसआर फंड की 'स्ट्रेंथिंग हेल्थ सिस्टम फॉर इंप्रूव्ड प्राइमरी हेल्थ केयर' योजना के तहत शुक्रवार को उप जिला अस्पताल, सितारगंज को 20 अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण भेंट किए।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के जीएम चंदन सुशील ने सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव को महत्वपूर्ण उपकरण सौंपे। इन उपकरणों में लेप्रोस्कोपी सेट, मेजर एवं माइनर सर्जरी इंस्ट्रूमेंट्स, इलेक्ट्रोकॉटरी मशीन, 12 चैनल ईसीजी मशीन, हाइड्रोलिक ऑपरेशन टेबल और कार्डियक मॉनिटर जैसे जीवनरक्षक संसाधन शामिल हैं। डॉ. रीना यादव और एचआर अरुण सिंह मौजूद रहे।

# बीएसएफ जवान की पत्नी से 8 लाख ठगे

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** शक्तिफार्म के ग्राम पिपलिया में साइबर ठगों ने बीएसएफ जवान की पत्नी को अपना शिकार बनाते हुए 8 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़िता हरविंदर कौर के अनुसार, उसके पति गुरदेव सिंह बीएसएफ में तैनात हैं। 18 दिसंबर 2025 को एक अनजान नंबर से कॉल आया, जिसमें आरोपी ने 95 हजार रुपये टैक्स भुगतान करने का दबाव बनाया। पीड़िता ने घबराहट में उक्त राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद साइबर गिरोह ने उसे अलग-अलग नंबरों से फोन कर डराना शुरू कर दिया। ठगों ने धमकी दी कि यदि और पैसे नहीं दिए तो उसके पति को बीएसएफ से बर्खास्त करवा दिया जाएगा और उनके खिलाफ सीबीआई जांच शुरू होगी।

पति के करियर को खतरे में देख पीड़िता ने 24 दिसंबर तक विभिन्न खातों में कुल 8 लाख रुपये जमा कर दिए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने पुलिस की शरण ली। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की साइबर सेल मामले की गहनता से विवेचना कर रही है।

सिटी ब्रीफ

### फोन पर दी जान से मारने की धमकी

**काशीपुर:** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिरधई निवासी मनजीत कौर ने कोतवाली कुंडा में तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि बीती 26 जनवरी की शाम लगभग साढ़े छह बजे रूपा सिंह व बूटा सिंह निवासी केरीपुर जंगल जिला बिजनौर (यूपी) ने उसे फोन करके उसको और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### मारिया स्कूल में शुरू हुईं परीक्षाएं

**जसपुर:** मारिया स्कूल में आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को बच्चों ने पहला पेपर दिया। प्रधानाचार्य फादर जोमन टीए ने बताया कि परीक्षा 13 फरवरी से शुरु हो गई है। परीक्षाओं को लेकर बच्चे काफी खुश हैं।

### कपड़े की दुकान से साड़ी चोरी

**बाजपुर:** नगर के एक कॉम्प्लेक्स स्थित 'इकरा' गारमेंट्स की दुकान से साड़ी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मुड़िया पिस्तौर निवासी दुकान संचालक बेताब खान ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार दोपहर दो महिलाएं खरीदारी के बहाने दुकान पर आईं। जब दुकानदार की पत्नी ग्राहकों को सामान दिखाने में व्यस्त थी, तभी एक महिला ने चुपके से साड़ी अपने थैले में रख ली। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

# दिन भर रही हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज

## सैकड़ों कांवड़ियों की टोलियां बाजपुर के मुख्य मार्गों से होकर गुजर रहीं, जगह-जगह भंडारों का आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थों का नगर से होकर गुजरना लगातार जारी है। शुक्रवार को ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों से आए सैकड़ों कांवड़िए नगर क्षेत्र से होकर गुजरे, जिससे पूरे दिन नगर में 'ऊं नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' की गूंज सुनाई देती रही। इस दौरान पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार गए शिवभक्त पतित पावनी मां गंगा से जल भरकर वापस लौटने लगे हैं। शुक्रवार सुबह से सायं तक सैकड़ों कांवड़ियों की टोलियां नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरीं। शिवभक्त 'जयकारा वीर बजरंगी', 'हर-हर महादेव', 'महादेव का महामंत्र से मुक्ति का उपाय' और 'ऊं नमः शिवाय बोलो ऊं नमः शिवाय' का जाप करते हुए आगे बढ़ते रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे और विश्राम की व्यवस्था की गई है। श्रीराम भवन धर्मशाला एवं बेरिया रोड स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने शिवभक्तों के लिए भंडारा लगाया गया है। साथ ही रात्रि विश्राम की भी समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं, नई सड़क बरहैनी क्षेत्र में भी भंडारे के साथ ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहां भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य कई स्थानों पर भी श्रद्धालुओं के लिए भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही के चलते दिनभर नगर में चहल-पहल बनी रही। प्रशासन और सामाजिक संगठनों के सहयोग से कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालु भी अनुशासन और भक्ति भाव के साथ अपनी यात्रा पूर्ण करने में जुटे हुए हैं।


बाजपुर में गंगा लेकर जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार


किच्छा में उद्घोष करते पीलीभीत के शिव भक्त। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों के लिए कोसी पर बनाया अस्थायी पुल

**सुल्तानपुर पट्टी:** हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्तों के स्वागत के लिए सुल्तानपुर पट्टी में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ियों की सुविधा के लिए स्थानीय शिव भक्तों ने कोसी नदी पर लकड़ी का अस्थायी पुल तैयार किया है, ताकि श्रद्धालुओं को नदी पार करने में कोई असुविधा न हो। नगर के बाजार घाट, सरस्वती शिशु मंदिर और छोई रोड सहित विभिन्न स्थानों पर भंडारों और विश्राम शिविरों का आयोजन किया गया है। यहां कांवड़ियों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। शिविरों में बज रहे भक्ति संगीत और डीजे की धुनों पर कांवड़िए शिव भक्ति में झूमते नजर आए। नगर पंचायत ने मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की है, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर चौकी प्रभारी दीपक कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। महेश सैनी, मुकेश सैनी और विक्की पठानिया सहित अन्य सेवादारों ने बताया कि रुद्रपुर, गदरपुर और बाजपुर की ओर जाने वाले जत्थों का नगर में विशेष स्वागत किया जा रहा है।

### गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तों का भव्य स्वागत

**किच्छा:** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे शिव भक्तों का किच्छा में जोरदार स्वागत किया गया। नगर के पुराना टैक्सी स्टैंड पर स्थानीय व्यापारियों और टैक्सी संचालकों ने विशाल पंडाल लगाकर कांवड़ियों के विश्राम और खान-पान की समुचित व्यवस्था की। इस सेवा शिविर में सितारगंज, पीलीभीत, खटीमा और अमरिया क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पीलीभीत के जत्थेदार तपन विश्वास ने बताया कि उनका 80 सदस्यीय दल पिछले 10 वर्षों से यह यात्रा कर रहा है। शिव भक्तों ने 8 फरवरी को हरिद्वार से पैदल यात्रा शुरू की थी और वे 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को पीलीभीत में जलाभिषेक करेंगे। विशेष बात यह रही कि कांवड़िए उत्तराखंड की धामी सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से बेहद संतुष्ट नजर आए। शिव भक्तों के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मार्ग में सुरक्षा, प्रकाश और अन्य सुविधाएं अत्यधिक बेहतर रहीं, जिससे उनकी यात्रा सुगम और सुखद रही। इस मौके पर गुलशन कुमार, दशरथ मौर्य, पूरण कश्यप, चंद्रपाल श्रीवास्तव, अनिल कुमार, वीरेंद्र, रूप राय कश्यप, सोमपाल, राकेश, संजू, राम सिंह, विमल, देबू सिंधी, किशन सिंधी आदि मौजूद रहे।

# झारखंडी शिव मंदिर में मेले की तैयारियां शुरू


मंदिर परिसर में स्थापित प्राकृतिक सरोवर की सफाई करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद मेला प्रबंधन की विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों और सदस्यों को सौंपी गईं।

बैठक के बाद झारखंडी गांव के महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर में स्थित प्राकृतिक सरोवर की साफ-सफाई की। श्रद्धालुओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे परिसर को साफ-सुथरा बनाया, ताकि मेले के दौरान आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर कमेटी की ओर से बताया गया कि मेले से संबंधित सभी तैयारियां शीघ्र पूरी कर ली जाएंगी। सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रगतिशील जूनियर हाईस्कूल बरहैनी के स्काउड-गाइड की ओर से कांवड़ियों के सुचारु जलाभिषेक के लिए बैरिकेडिंग की जा रही है। साथ ही निशुल्क जूता-चप्पल स्टैंड की भी व्यवस्था की जा रही है। कमेटी ने बताया कि 14 फरवरी की रात्रि में कांवड़ियों और आम श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में मंदिर के पुजारी बाबा सावनपुरी, कमेटी अध्यक्ष मान सिंह, सचिव हरीश दानू, कोषाध्यक्ष डा. मोहन चंद्र पांडेय, सदस्य वीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुंदर शर्मा मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में कार्यक्रमों की धूम


काशीपुर में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चंद्रावती कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआई जितेंद्र उप्रेती, प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत और एसोसिएट प्रोफेसर दीपिका गुड़िया आत्रेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।

उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और कुमाऊंनी, गढ़वाली व हरियाणवी लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जितेंद्र उप्रेती ने छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर क्राइम के प्रति सचेत किया और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के टिप्स साझा किए।

शिविर अधिकारी डॉ. वंदना सिंह और डॉ. गीता मेहरा ने बताया कि सात दिनों के दौरान नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ''आर्ट ऑफ लिविंग'' जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने छात्राओं को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ समेत छात्राएं उपस्थित रहीं।

## हादसे में शिक्षिका गंभीर रूप से घायल

**काशीपुर:** पैगा पुलिस चौकी के पास शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में जीजीआईसी महुआखेड़ा की शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। पैगा चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह के अनुसार, सुबह लगभग 9:30 बजे लालपुर निवासी दीपिका (26), जो महुआखेड़ा जीजीआईसी में शिक्षिका हैं, अपनी स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान अलीगंज की ओर से आ रही एक बलेनो कार ने ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका दीपिका को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कार सवार राजेश, उनकी पत्नी मीनू और सुषमा भी चोटिल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां शिक्षिका की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# करियर काउंसलिंग शिविर में छात्रों को दिए टिप्स

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा और कैरियर निर्माण में सहायता के लिए करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री साईं कॉलेज के विभाग अध्यक्ष ने छात्रों को जरूरी टिप्स दिए।

शुक्रवार को महुवाडाबरा स्थित पीएमश्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज में करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की शुरुआत अतिथियों एवं प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में श्री साईं कॉलेज पॉलीटेक्निक एवं बीएड के विभाग अध्यक्ष पंकज कुमार तथा कौशल कुमार ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार निर्णय नहीं ले पाते, जिससे वे बाद में असंतोष महसूस करते हैं। करियर काउंसलिंग इस समस्या का समाधान करती है। इसके माध्यम से लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और तैयारी की रणनीति बनाने में भी सहायता करती है। वहीं संजय राजपूत ने बताया कि करियर काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य छात्रों की रुचि, क्षमता, व्यक्तित्व और पारिवारिक परिस्थितियों को समझकर उन्हें उपयुक्त मार्ग सुझाना है। प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने बताया कि करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के माध्यम से हाईस्कूल एवं इंटर पास करने वाले छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार सही करियर चयन करने में मदद मिलती है। शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी ने भी विद्यार्थियों को जरूरी टिप्स दिए। टीम द्वारा बताया गया कि आज के समय में करियर के विकल्प केवल डॉक्टर, इंजीनियर या शिक्षक तक सीमित नहीं हैं। बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइनिंग, पत्रकारिता, कानून, होटल प्रबंधन, कृषि विज्ञान, डिफेंस, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, डिजिटल मार्केटिंग, एनीमेशन, डेटा साइंस जैसे अनेक क्षेत्र युवाओं के लिए उपलब्ध हैं। टीम द्वारा इसके बाद स्कूल का भौतिक निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं की छात्रा श्रद्धा मिश्रा ने किया। यहां नाजिम कमर, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, अरुण कुमार वर्मा, केपी सुमन, जयवीर सिंह, सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी, मोनिका, नूतन रानी आदि मौजूद रहे।


महुवाडाबरा इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

# फिल्म 'गोदान' की विशेष स्क्रीनिंग का शुभारंभ किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय एसआरएस मॉल स्थित सिनेमा हॉल में शुक्रवार को फिल्म 'गोदान' की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदों, कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मेयर के साथ फिल्म देखी।

स्क्रीनिंग के दौरान मेयर दीपक बाली ने गौ सेवा और सनातन संस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौ माता का दूध अमृत समान है और उनका संरक्षण समाज का सामूहिक दायित्व है। मेयर ने समाज को संदेश दिया कि दूध देना बंद करने के बाद भी गाय अनुपयोगी नहीं होती, गोमूत्र और गोबर जैविक खेती के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं।

इस खास मौके पर पीसीयू चेयरमैन राम मल्होत्रा, मुकेश चावला, मानवेंद्र मानस और ईश्वर गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेता व पार्षद मौजूद रहे। फिल्म के माध्यम से गौ संरक्षण और सेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## जसपुर से छात्रा व किशोर लापता

**जसपुर:** कॉलेज में प्रैक्टिकल देने गई छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं, दूसरे मामले में डांट खाने से नाराज किशोर घर से कहीं चला गया। नगर पंचायत महुआडाबरा निवासी एक ग्रामीण की 17 वर्षीय पुत्री गुरुवार को इंटर कॉलेज में प्रैक्टिकल देने गई थी। बताते है कि जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को उसकी चिंता हुई। परिजनों ने उसे आसपास तलाशा, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। उधर, गांधी पार्क निवासी माही पत्नी प्रदीप कुमार सैनी के घर पर मेहमानदारी में रह रहा 12 वर्षीय किशोर डांट खाने से नाराज होकर घर से कहीं चला गया।

# बच्चों में 70 प्रतिशत तक एनीमिया का है खतरा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विश्व एनीमिया जागरूकता दिवस पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (उत्तराखंड) के अध्यक्ष डॉ. रवि सहोता ने बच्चों में बढ़ते एनीमिया के खतरों और उससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया। डॉ. सहोता ने बताया कि देश में 5 वर्ष से कम आयु के लगभग 60 से 70 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी और इलाज में लापरवाही है।


डॉ. रवि सहोता।

डॉ. सहोता ने स्पष्ट किया कि केवल कमजोर दिखने वाले बच्चे ही नहीं, बल्कि स्वस्थ दिखने वाले बच्चे भी एनीमिया के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आयरन की कमी बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता, शारीरिक वृद्धि और मस्तिष्क के विकास को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि मध्यम और गंभीर एनीमिया की स्थिति में आयरन सप्लीमेंट अनिवार्य हैं। हीमोग्लोबिन सामान्य होने के बाद भी शरीर में आयरन का भंडार भरने के लिए दवा को कम से कम दो-तीन महीने तक जारी रखना चाहिए।

# तीन मजदूरों समेत छह लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन मजदूरों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

पहली घटना शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ग्राम महेशपुरा में हुई। किशनपुर मौलागढ़ (उप्र) निवासी 45 वर्षीय अमरपाल पुत्र नैमचंद दोराहा से सामान लेने आ रहे थे, जबकि मिस्सरवाला निवासी 22 वर्षीय फरमान पुत्र रहीस अहमद केलाखेड़ा की ओर जा रहे थे। ग्राम महेशपुरा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और दोराहा चौकी पुलिस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।


सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल।

दूसरी घटना गुरुवार सायं ग्राम नमूना में हुई। मेहंदी नगर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी 72 वर्षीय शकील अहमद पुत्र कल्लन बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीसरी घटना गुरुवार रात करीब आठ बजे बेरिया रोड पर संतोषपुर पुल के निकट हुई। हजीरा बरहैनी निवासी 28 वर्षीय देव त्यागी पुत्र सतवीर सिंह, बन्नाखेड़ा निवासी 35 वर्षीय मुकेश पुत्र बासु सिंह तथा बैतखेड़ी निवासी 19 वर्षीय वीरचंद्र पुत्र रामचरण मटर लोडिंग का कार्य कर बाइक से घर लौट रहे थे। सड़क किनारे पड़ी बजरी पर बाइक फिसलने से वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। हादसे में तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपजिला चिकित्सालय लाया गया।

आयोजन

## कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरुष वुडबॉल प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# वुडबॉल में आईएमटी का दबदबा, जीते गोल्ड और सिल्वर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर के यूनिटी लॉ कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित 'कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरुष वुडबॉल प्रतियोगिता' में एससी गुड़िया आईएमटी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में संस्थान के पुरुष वर्ग ने डबल्स इवेंट में गोल्ड मेडल और महिला वर्ग ने डबल्स इवेंट में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल और क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों (रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, खटीमा और हल्दूचौड़) ने प्रतिभाग किया था। इस शानदार जीत में असिस्टेंट कोच मनजोत कौर का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी निरंतर प्रशिक्षण ले रहे हैं।

इस उपलब्धि के बाद अब विश्वविद्यालय की टीम का चयन होगा, जो आगामी माह में भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबंध समिति और स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


काशीपुर में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वाले आईएमटी के खिलाड़ी।


हरिद्वार में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी।

### फुटबॉल में काशीपुर के खिलाड़ियों का दबदबा

**काशीपुर:** 11 फरवरी से 13 फरवरी तक हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में ऊधमसिंह नगर की टीम ने अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रभारी महेश्वर नेगी ने बताया कि टीम में सचिन रावत, विनय रावत, कार्तिक पोखरिया, आयुष नेगी, शुभम रावत, प्रियांशु रावत, हर्षित सिंह, ध्रुव रावत, आदित्य कंडारी, तरंग रावत, विकास खोलिया, अभय थापा आदि शामिल थे।

### वैज्ञानिकों ने दी नई प्रजातियों की जानकारी

**काशीपुर:** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्राम रायपुर में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने गन्ने की बुवाई में उचित गहराई और दूरी बनाए रखने पर जोर दिया, जिससे फसल के फैलाव और पैदावार में वृद्धि हो सके। वैज्ञानिकों ने किसानों को सचेत किया कि 0238 प्रजाति वर्तमान में ''रेड रॉट'' (लाल सड़न रोग) की चपेट में है, इसलिए इसकी बुवाई बिल्कुल न करें। इसके स्थान पर 15023, 13235, 14201 और 12226 जैसी उन्नत और रोग-प्रतिरोधक प्रजातियों को अपनाने का सुझाव दिया गया। अधिकारियों ने मृदा स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए बताया कि भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जिनकी जांच कराकर कमी को पूरा करने से जमीन की गुणवत्ता बढ़ती है।

# खनन कारोबारी की हत्या के बाद परिजन सदमे में

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** विकासखंड के ग्राम पिपलिया निवासी और प्रतिष्ठित खनन कारोबारी विक्रम शर्मा की देहरादून में हुई हत्या की खबर से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। सादगी और मिलनसार स्वभाव के धनी विक्रम शर्मा की मौत की सूचना ने ग्रामीणों और परिजनों को झकझोर दिया है।


विक्रम शर्मा (फाइल)।

विक्रम शर्मा का परिवार मूल रूप से कश्मीरी हिंदू है, जो वर्ष 1950 में विभाजन के बाद पिपलिया में आकर बस गया था। उनके पिता स्वर्गीय अमृतलाल शर्मा टाटा समूह (जमशेदपुर) से सेवानिवृत्त होने के बाद वापस गांव लौटे थे, जहां विक्रम और उनके भाई अरविंद शर्मा ने ''अमृत स्टोन क्रशर'' की स्थापना की थी। विक्रम शर्मा वर्तमान में अपनी पत्नी सोनिया और बेटी के साथ देहरादून स्थित आवास पर रह रहे थे और वहीं से अपना कारोबार संभालते थे। ग्रामीणों के अनुसार, विक्रम शर्मा का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था और वे अपने व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनकी हत्या किन कारणों से हुई, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है। इस दुखद घटना के बाद उनके भाई अरविंद शर्मा (निवासी काशीपुर) और अन्य परिजन सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### वन विभाग ने मॉक ड्रिल से परखीं तैयारियां

**बागेश्वर :** आगामी वनाग्नि काल को देखते हुए वन प्रभाग द्वारा मॉडल क्रू-स्टेशन जौलकांडे में एक दिवसीय वनाग्नि नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास उप प्रभागीय वनाधिकारी तनुजा परिहार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान दो स्थानों पर काल्पनिक आग की घटनाएं दर्शाई गईं। सूचना मिलते ही मुख्य व रिजर्व टीमें मौके पर पहुंचीं। वन विभाग, अग्निशमन और पुलिस वायरलेस टीमों ने आपसी समन्वय और त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया। अभ्यास में घास व पिरूल की क्षति दर्शाई गई, जबकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की मॉक ड्रिल से आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां मजबूत होती हैं। कार्यक्रम में प्रशासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### फोटोग्राफी प्रदर्शनी प्रतियोगिता 24 को

**टनकपुर :** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जनपद चम्पावत में आयोजित होने वाले वार्षिक एडवेंचर फेस्टिवल के रूप में कार्बेट महोत्सव के तहत एक विशेष फोटोग्राफी प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी साझा करते हुए जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि यह प्रतियोगिता आगामी 24 फरवरी को टनकपुर के सरस मेला स्थल पर संपन्न होगी। सभी इच्छुक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# विकास के लिए समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी : धामी

## 21वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया वर्चुअल शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में तीन दिवसीय 21 वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का आगाज हो गया है। शुक्रवार को सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुवल माध्यम से किया। सम्मेलन में देशभर से 50 से अधिक विज्ञान संग्रहालयों एवं विज्ञान केंद्रों के निदेशक, प्रमुख, वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे है, जो ''विज्ञान केंद्रों का भविष्य'' विषय पर चर्चा करेंगे।

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विज्ञान केंद्र आज केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं रहे, बल्कि नवाचार, अनुभवात्मक शिक्षण और वैज्ञानिक सोच के सशक्त केंद्र बन चुके हैं। कहा कि विकास के लिए समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी है। राज्य सरकार का संकल्प है कि विज्ञान प्रत्येक जनपद तक पहुंचे, ताकि पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों का हर युवा विज्ञान से सशक्त हो सके। कहा कि मानसखंड विज्ञान केंद्र और महिला प्रौद्योगिकी पार्क जैसी पहले विज्ञान को जन-आंदोलन और आत्मनिर्भरता का माध्यम बना रही हैं। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी नवाचार वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिणाम हैं। यू-कॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि युवाओं को केवल विज्ञान का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार का नेतृत्वकर्ता बनाना समय की मांग है। डीएम अंशुल सिंह ने इस राष्ट्रीय सम्मलेन को उत्तरखंड के लिए विज्ञान एवं तकनीकी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यहां एनसीएसएम डिप्टी डायरेक्टर जनरल अनुराग कुमार, वीपीकेएएस निदेशक डॉ. लक्ष्मीकांत, निदेशक जीबी पंत संस्थान डॉ. आईडी भट्ट, डॉ. गिरीश नेगी आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में 21वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर मंचासीन अतिथि।

### विज्ञान, नवाचार के क्षेत्र में मानी जा रही उपलब्धि

अल्मोड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन को एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। मानसखंड विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि सम्मेलन विज्ञान संग्रहालयों को पारंपरिक प्रदर्शनी स्थलों से आगे बढ़ाकर उन्हें ज्ञान, नवाचार, अनुसंधान और युवा नेतृत्व के सशक्त राष्ट्रीय केंद्रों के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल सिद्ध होगा। बताया कि सम्मेलन के दौरान विज्ञान संग्रहालयों की बदलती भूमिका, डिजिटल एवं इंटरैक्टिव तकनीकों का उपयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक प्रदर्शन, विज्ञान संचार के नवाचारी मॉडल तथा बच्चों और युवाओं को विज्ञान से जोड़ने के भविष्य-उन्मुख उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

### दो साल में विज्ञान केंद्र को मिलीं कई उपलब्धियां

मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि केंद्र द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामान्य जन, वन पंचायत सदस्यों एवं शोधार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया है। इस दौरान आगंतुकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में 28,157 तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 10,976 आगंतुक केंद्र का भ्रमण कर चुके हैं, जो इसे क्षेत्रीय स्तर पर विज्ञान और शिक्षा का एक प्रभावी केंद्र सिद्ध करता है।

## हर वर्ग को विकास की ओर ले जाएगा बजट: टम्टा

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** केंद्रीय आम बजट को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने आम बजट को लेकर जानकारी दी। कहा कि यह हर वर्ग को विकास की ओर ले जाने वाला आम बजट है।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। जबकि बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सड़क और रेल आदि के लिए प्रावधान रखे गए है। वहीं, क्वारब और स्वाला पर बोलते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि जल्द दोनों समस्याओं का समाधान निकल जाएगी। कहा कि क्वारब में पहाड़ी का ट्रीटमेंट कार्य तेजी के साथ चल रहा है।

वहीं, वैकल्पिक मार्ग में भी कार्य तेजी के साथ चल रहा है, जिसे जल्द यातायात के लिए चालू कर दिया जाएगा। यहां प्रेस वार्ता में मेयर अजय वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, प्रकाश भट्ट, महिला जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल, संजय बिष्ट, सुनील बिष्ट, सौरभ वर्मा, संजय जोशी, कैलाश गुरुरानी, मनोज सनवाल, पियूष समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं



अल्मोड़ा में शुक्रवार को 25 सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक लेते सीडीओ। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सीडीओ ने 25 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली
- प्रत्येक बिंदु पर अपेक्षित प्रगति लाने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** 25 सूत्रीय कार्यक्रम एवं ई-ऑफिस संचालन को लेकर शुक्रवार को सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी बिंदुओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रत्येक बिंदु पर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। कहा कि जिन योजनाओं में प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनमें विशेष कार्य योजना बनाकर तेजी लाई जाए। लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि का नियमित अनुश्रवण किया जाए और आंकड़ों को अद्यतन रखते हुए समयबद्ध रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालयों में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यहां बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, सीईओ हरक राम कोहली समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लापता पति को राजस्थान से ढूंढ लाई पुलिस

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** कपकोट थाना क्षेत्र के भनार गांव निवासी भागीरथी का एक साल बाद अपने लापता पति से मिलन हुआ तो पूरे परिवार की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। एक वर्ष पहले लापता हुए महिपाल सिंह को पुलिस ने राजस्थान से खोज निकालकर सुरक्षित घर पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, भनार गांव निवासी त्रिलोक सिंह के पुत्र महिपाल सिंह भिवाड़ी में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे और वहीं से परिवार का भरण-पोषण करते थे। करीब एक साल पहले मानसिक तनाव के चलते उन्होंने परिवार से संपर्क तोड़ लिया, जिससे पत्नी भागीरथी, माता-पिता और परिजन बेहद परेशान हो गए। शिकायत दर्ज न हो पाने के कारण परिवार लंबे समय तक असमंजस में रहा। इसी दौरान क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय को परिजनों ने अपनी समस्या बताई। मंत्री ने तत्काल पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके से संपर्क कर मामले की जानकारी दी।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई और राजस्थान पुलिस से समन्वय कर महिपाल सिंह का पता लगाया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें सकुशल उनके गांव लाया गया। घर पहुंचते ही परिवार में खुशी का माहौल बन गया। पत्नी भागीरथी, माता-पिता और अन्य परिजनों ने राहत की सांस ली और जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन का आभार जताया।



एक साल से लापता महिपाल सिंह परिवार के साथ। साथ में दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** दन्या में किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने यूपी निवासी आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार दन्या निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि वह बीते जनवरी में उपचार के लिए हल्द्वानी गई थी। इस दौरान उनकी पुत्री घर में अकेली थी। उनकी गैरहाजरी में आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया। बेटी के डर का फायदा उठाकर उसने घर में घुसकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। साथ ही धमकी दी। इधर, पुलिस ने आरोपी सोहेल पुत्र युनूस, निवासी भगतपुर मुरादाबाद को धारा 64, 351 बी और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सरयू लिफ्ट पेयजल योजना को पहली किस्त जारी

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचारः** नगर के लिए सरयू लिफ्ट पेयजल योजना को वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। शासन द्वारा योजना की पहली किस्त के रूप में एक करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरयू लिफ्ट पेयजल योजना की स्वीकृति से संबंधित शासनादेश शिष्टमंडल को सौंपा। वर्मा ने बताया कि यह योजना केंद्र पोषित अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत हुई है, जिसकी कुल लागत 84.44 करोड़ रुपये है। योजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के पूर्ण होने से नगरवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान होगा। शासनादेश जारी होने पर नगरवासियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही जल्द ही मुख्यमंत्री के लोहाघाट आगमन पर नागरिक अभिनंदन करने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



देहरादून में सीएम धामी से मुलाकात करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं विभागाध्यक्ष प्रो. रिजवाना सिद्दीकी। ● अमृत विचार

### कार्यशाला में दी पर्यावरण शिक्षा एवं दायित्वों की जानकारी

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के शिक्षा संकाय में 'पर्यावरण शिक्षा एवं दायित्व' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के 'वृक्ष पुरुष' के नाम से विख्यात पर्यावरण संरक्षणकर्ता किशन सिंह मलड़ा रहे। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालयों में सुंदर वाटिका का निर्माण कर सकते हैं तथा औषधीय पौधों और वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यहां शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो. रिजवाना सिद्दीकी, डा. नीलम, डा. देवेंद्र चम्याल, डा. ममता कांडपाल, डा. पूजा प्रकाश, डा. विनीता लाल, ललिता रावल, मनोज आर्या, सरोज जोशी, मनीषा पांडे, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार का बजट सत्र तीन सप्ताह का हो: कांग्रेस

**बागेश्वर :** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार से आगामी बजट सत्र को तीन सप्ताह का करने और विधायकों को पर्याप्त समय देने की मांग की है। इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों द्वारा कई महत्वपूर्ण सवाल और विषय उठाए जाते हैं, लेकिन समय की कमी का हवाला देकर सत्र को अक्सर स्थगित कर दिया जाता है या उसका समय सीमित कर दिया जाता है। इससे जनहित के मुद्दों पर समुचित चर्चा नहीं हो पाती। उन्होंने मांग की कि आगामी बजट सत्र को कम से कम तीन सप्ताह का रखा जाए, ताकि प्रत्येक विधायक को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कुंदन गिरी, मनोज साल, प्रमोद कुमार, ईश्वर चंद्र पांडे, सुरेंद्र खेतवाल, खीम सिंह आदि रहे।

# वैज्ञानिक खेती और जल संरक्षण की जानकारी दी

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर विकासखंड लोहाघाट मुख्यालय में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एग्रीस्टैक, सिंचाई सुविधाएं, उद्यान विकास, पशुपालन, सहकारिता तथा अन्य कृषि संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। प्रगतिशील कृषक भैरव दत्त राय, डॉ. राजेंद्र पुनेठा, रमेश राम, राकेश उपाध्याय सहित अन्य किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याएं, खेतों की फेंसिंग, मल्चिंग शीट उपलब्ध कराने, उन्नत बीजों की आपूर्ति, जियोलाइन टैंक निर्माण तथा जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने कृषि विविधीकरण, फल-फूल उत्पादन और जल संरक्षण पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, जिला उद्यान अधिकारी आदि रहे।

# विधि कक्षाएं शुरू कराने की मांग उठाई

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचारः** लोहाघाट पीजी कॉलेज में विधि संकाय की कक्षाएं संचालित करने की पुरानी मांग को लेकर विकास संघर्ष समिति ने एक बार फिर आंदोलन का ऐलान किया है। समिति ने 17 फरवरी से गांधी चौक, लोहाघाट में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

शुक्रवार को समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नीतू डांगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने रामलीला मैदान से स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह घोषणा अमल में नहीं लाई जा सकी। समिति ने कहा कि विधि संकाय न होने से क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक व सामाजिक समस्याएं बढ़ती हैं। पूर्व में कई बार मांग उठाने के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। धरना समाप्त होने के बाद स्थिति की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भी समर्थन दिया। इस मौके पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



एसडीएम नीतू डांगर को ज्ञापन सौंपते लोहाघाट विकास संघर्ष समिति के लोग।

**हालात** अस्पताल में एक माह पहले पहुंची नई एक्स-रे मशीन अभी तक स्थापित न होने से मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

# हल्दूचौड़ सीएचसी में धूल फांक रही एक्स-रे मशीन

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर चर्चा में है। अस्पताल में एक माह पहले पहुंची नई एक्स-रे मशीन अभी तक स्थापित नहीं की गई है। तकनीकी कारणों और बजट अभाव का हवाला देते हुए इसे चालू नहीं किया जा सका है। परिणामस्वरूप क्षेत्र की हजारों ग्रामीण आबादी बुनियादी जांच सुविधाओं से वंचित रह रही है। समाजसेवी हेमंत गौनिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट ने आज अस्पताल पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक से मशीन शीघ्र चालू कराने की मांग की। उनका कहना है कि मशीन एक माह से अधिक समय से अस्पताल परिसर में रखी है, लेकिन स्थापना और संचालन के लिए आवश्यक बजट और तकनीकी व्यवस्था नहीं की गई।

**प्रसव सेवाएं भी प्रभावितः** अस्पताल में महिलाओं के प्रसव (डिलीवरी) की सुविधा भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। समाजसेवियों का आरोप है कि स्टाफ की कमी, रिक्त पदों और संसाधनों के अभाव के कारण प्रसव सेवाएँ लगभग ठप हैं। गर्भवती महिलाओं को हल्द्वानी या अन्य स्थानों की ओर रेफर किया जा रहा है, जिससे उनके आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ रहे हैं।



सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देते समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट।

### हाईकोर्ट में लंबित है याचिका

अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर पहले भी माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। समाजसेवियों का कहना है कि कई तिथियाँ बीत चुकी हैं, लेकिन अब तक अंतिम निर्णय लंबित है। उनका आरोप है कि न्यायालय के संज्ञान में सभी तथ्य पूर्ण रूप से नहीं पहुँच पाए, जिसके कारण अपेक्षित सुधारात्मक आदेश नहीं हो सके।

### शोपीस बनकर रह गया अस्पताल

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल केवल नाममात्र की सेवाएं दे पा रहा है। एक्स-रे जैसी मूलभूत सुविधा का बंद रहना और प्रसव सेवाओं का प्रभावित होना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। समाजसेवियों ने एक्स-रे मशीन को तत्काल स्थापित और चालू करने, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, प्रसव कक्ष को पूर्ण संसाधनों के साथ नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वास्तव में सामुदायिक सेवा का केंद्र बन सके, न कि केवल औपचारिकता बनकर रह जाए।

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में आरक्षण उल्लंघन का आरोप

**नैनीताल :** शिल्पकार सभा नैनीताल ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा द्वारा जारी की गई असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों की विज्ञप्ति में आरक्षण नियमावली का पालन न करने का आरोप लगाया है। शिल्पकार सभा के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी नैनीताल के माध्यम से राज्यपाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री को भेजा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 58 पदों के लिए भर्ती निकाली है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए मात्र एक पद आरक्षित किया गया है, जो राज्य सरकार की आरक्षण व्यवस्था एवं नियमावली के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि नियमानुसार सीधी भर्ती के पदों में अनुसूचित जाति के लिए 19 प्रतिशत, अनु. जनजाति के लिए 4 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य है। शिष्टमंडल में अध्यक्ष रमेश चंद्रा, महामंत्री राजेश लाल, संजय कुमार, विधि सलाहकार मनोज कुमार, संजय कुमार संजू, एनआर आर्य, पीआर आर्य आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को किशोरावस्था के बदलावों की दी जानकारी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज कुनेलाखेत में बालिकाओं के समग्र विकास, स्वास्थ्य जागरूकता एवं आत्म-सशक्तिकरण के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डीएस नेगी व संचालन दीप चंद्र पांडे ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं परामर्शदाता के रूप में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बजीना की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गीता जोशी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह जीवन का एक संवेदनशील चरण है, जिसमें सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने किशोरावस्था की विशेषताएं, शारीरिक व मानसिक परिवर्तन, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं व स्वच्छता, एनीमिया के कारण व रोकथाम, संतुलित व पौष्टिक आहार, ल्यूकोरिया तथा आयोडीन युक्त भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। आरती बिष्ट ने गुड टच और बेड टच के विषय में जानकारी देते हुए आत्म-सुरक्षा पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सक्रिय प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।



सपने वो नहीं है, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
-एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति

# बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

## प्रसंगवश

# मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने



दीपक नौगांई
लेखक

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।


हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

# आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

## आमने सामने



हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।

**-अभय सिंह चौटाला**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।

**-कृष्ण बेदी**
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



# चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



अजय दयाल
हल्द्वानी

डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन–निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

## सोशल फोरम

# बलेसरा काहें बिकाला



दयानंद पांडेय
ब्लॉगर

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। **-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।





# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -
तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -

'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'







शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाई तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -

' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।

'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

---

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन खरीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।

## पुरस्कार और सम्मान

2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

---

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द



प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।




संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

---

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम



20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।

इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरे' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की श्रृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.76 | 25,471.10 |
| गिरावट | 1,048.1 | 336.10 |
| प्रतिशत में | 1.25 | 1.30 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 14 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राजश्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक (किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि.) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल** शरबती 4400, बासमती 8200-9000, मसूरी 1200, परमल 2200-4000

**दाल दलहन :** काला चना 2600-3700, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5000, राजमा 9200-12000, दाल उड़द 7000, साबुत मसूर दाल 4000, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 7400-10200, अरहर दाल 10300 -12200, लोबिया/करमानी 2000-4000

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक

## नीति आयोग की रिपोर्ट में रणनीतिक कलपुर्जों का विनिर्माण बढ़ाने पर जोर


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए संरचनात्मक लागत संबंधी चुनौतियों का समाधान करना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर ढंग से फायदा उठाना और रणनीतिक कलपुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

आयोग की शुक्रवार को जारी 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का दुनियाभर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का बाजार है, लेकिन 2024 में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत ही रही। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी कलपुर्जों के बाजार पर चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए एफटीए से भारतीय उत्पादों की विदेशी बाजार तक पहुंच बेहतर हुई है, लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में निवेश जुटाने के लिए घरेलू खरीद नीति में अनुमान लगा पाने की क्षमता, निर्यात वित्त और विनियामक सरलीकरण पर अधिक जोर देना होगा।

नीति आयोग ने सुझाव दिया कि भारत की रणनीति को असेंबली आधारित वृद्धि से आगे बढ़कर कलपुर्जा-आधारित विनिर्माण की ओर स्थानांतरित होना चाहिए। आपूर्ति पक्ष पर प्रोत्साहनों को घरेलू मूल्य संवर्धन, निरंतर शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने वाले एंकर निवेश से जोड़ा जाना चाहिए।

**दुनिया में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का है इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत, चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा**



### भारतीय निर्यात में मोबाइल फोन का 52.5% हिस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मुख्यत: अमेरिका, यूएई एवं नीदरलैंड को होते हैं और इनमें मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 52.5 प्रतिशत है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में इंटीग्रेटेड सर्किट, मोबाइल फोन और डेटा प्रोसेसिंग मशीनों की बड़ी हिस्सेदारी है। सितंबर तिमाही में देश के कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात में लगभग 8.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो आयात वृद्धि से अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमापार ई-कॉमर्स 2030 तक निर्यात वृद्धि का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

### अमेरिका ने ताइवान पर लगे प्रतिबंध कम करने के लिए किया समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ताइवान अपने 99 प्रतिशत टैरिफ अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिका कंप्यूटर चिप के उत्पादन के लिए ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीने में चिप निर्यात के कारण दोनों देशों के बीच करीब 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह 15 प्रतिशत दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया पर लागू दर के समान है।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 3,99,386 इकाई रही थी। जनवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि स्कूटर की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 7,50,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,26,416 इकाई रही।

बयान के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई जबकि जनवरी 2025 में यह 58,167 इकाई रही थी।

# रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• **रियायती दर पर भारी कच्चे तेल के आयात का रास्ता साफ**

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी।

पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है। हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई।

# 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



• **सरकार ने पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी दी मंजूरी**

रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।

मंत्रालय ने कहा कि अधिक भंडार, कीमतों में गिरावट, उम्मीद से ज्यादा उत्पादन और फसल की बड़ी आवक के दौरान मजबूरी में बिक्री रोकने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय घरेलू कीमतें स्थिर करने, बाजार में तरलता बढ़ाने, भंडारण का सही उपयोग सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय मजबूत करने में मदद करेगा।

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सरकार ने 14 नवंबर, 2025 के आदेश के माध्यम से चालू चीनी सत्र के दौरान 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।



**स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट**

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब इसमें गिरावट आई है।

## आरबीआई ने जारी किया अग्रणी बैंक योजना में संशोधन प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रणी बैंक योजना (एलबीएस) के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित करने और कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश प्रस्तावित किए। यह योजना 1969 में जिला स्तर पर विकास गतिविधियों के समन्वय के लिए शुरू की गई थी।

एलबीएस का उद्देश्य बैंकों, सरकार और अन्य विकास एजेंसियों की गतिविधियों का समन्वय कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना और वित्तीय समावेश को मजबूती देना है। प्रस्तावित दिशानिर्देशों में योजना के उद्देश्यों को परिष्कृत करने, विभिन्न मंचों की संरचना, सदस्यता एवं कार्यसूची को स्पष्ट करने, प्रमुख पदाधिकारियों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को निर्धारित करने और राज्य-स्तरीय बैंकर समिति और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयों को मजबूत बनाने के प्रावधान शामिल हैं।



# लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल

## बजट सत्र का पहला चरण पूरा, दोनों सदन नौ मार्च तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में शुक्रवार को कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से संपर्कों को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की बैठक एक बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को संसद में बजट सत्र का पहला चरण भी संपन्न हो गया जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी जिस पर सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोरशराबे के बीच ही दिया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।



**सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सरोजिनी नायडू प्रतिभाशाली वक्ता, सुविख्यात कवयित्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### संसद को बाधित करने का बहाना तलाशते हैं राहुल गांधी: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नए-नए बहाने तलाशते हैं। बजट सत्र के हंगामेदार पहले चरण में अमेरिका से व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

## बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़, बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**नई दिल्ली।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आए थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।



• **जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का धरना, होली पर करेंगे विरोध**

राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमेरिका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमेरिकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत हैं।

## केरल में बच्ची के यौन शोषण में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**त्रिशूर।** कोडुंगलूर में एक मंदिर के पुजारी को नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी 48 वर्षीय शाजी कोडुंगलूर के पास एडविलांगु का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शाजी ने एडविलांगु स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए अनुष्ठान किए। पिछले साल 14 वर्षीय पीड़िता के लिए अनुष्ठान करते समय आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने शाजी के एक समारोह में शामिल होने से इन्कार करने के बाद अपने रिश्तेदार को शोषण की जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर कोडुंगलूर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो के तहत पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### दंपती ने 58 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दी तलाक की अर्जी, खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में 58 वर्ष से साथ जीवन व्यतीत कर रहे दंपती के तलाक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि संपत्ति विवाद या सामान्य पारिवारिक मतभेद को तलाक का कारण नहीं माना जा सकता। करीब 78 वर्षीय पति की ओर से दायर इस याचिका में अपनी 75 वर्षीय पत्नी से तलाक की मांग की गई थी। पति ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद पत्नी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद पैदा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि दंपती ने 1967 से 2013 तक करीब छह दशक तक सामान्य वैवाहिक जीवन बिताया। अब तलाक का अनुरोध असंवैधानिक और अनुचित है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खींचतान, आपसी आरोप-प्रत्यारोप और दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियों को क्रूरता या तलाक का आधार नहीं माना जा सकता।

• **हाईकोर्ट ने कहा- सामान्य मतभेद नहीं बन सकते तलाक का कारण**

### दिल्ली के पांच स्कूलों को दी बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली आपत्तिजनक सामग्री थी जिसमें दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा और स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे बम विस्फोट होगा। यह भी कहा गया था कि दोपहर 2.11 बजे संसद के अंदर विस्फोट होगा, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ा दी गई और समन्वय स्थापित किया गया। डीएफएस के मुताबिक दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन (पूसा रोड), केंद्रीय विद्यालय (गोल मार्केट), हैप्पी पब्लिक स्कूल (दरियागंज), राबिया पब्लिक स्कूल (बल्लिमारान) और सीएल भल्ला डीएवी स्कूल (झंडेवालान) को धमकी भरे ऐसे ईमेल मिले। डीएफएस के अनुसार, व्यापक तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

• **ईमेल में दिल्ली को खालिस्तान बना देने का भी किया गया था दावा**

### कर्नाटक : नेशनल हाईवे पर तीन वाहनों की टक्कर में सात की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे तालुक के एम सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक कैंटर गाड़ी की टक्कर की वजह से हुआ। यह हादसा होसकोटे-डबसपेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बताया गया कि पहले एक कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इसके बाद कार एक कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार तेज रफ्तार में चल रही थी। पीछे से बाइक को टक्कर मारने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिर कैंटर से टकरा गई।

• **तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई और फिर कैंटर से भिड़ी**

## पुरी का झूठ पकड़ा गया, फौरन इस्तीफा लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को सरासर झूठ करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा था कि वह कुछ मौकों पर एप्स्टीन से मिले थे, लेकिन इसका उसके अपराधों से कोई लेनादेना नहीं था। खेड़ा ने कहा, पुरी ने दावा किया है कि उनकी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई। ये सरासर झूठ है। यह भी झूठ है कि उन्होंने एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा था। ईमेल से स्पष्ट है कि पुरी खुद एप्स्टीन से मिलने का आग्रह करते थे।

# तमिलनाडु में महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये

**चेन्नई, एजेंसी**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार ने कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना'' (कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थिट्टम) के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को पांच-पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को अब तक प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे थे।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले इसे एक बड़े राजनीतिक दांव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिहार से संकेत लेते हुए शुक्रवार सुबह महिला लाभार्थियों के खाते में पैसे डालने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सूचना दी, जिससे पूरा विपक्ष हैरान रह गया। विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है और यह कदम चुनाव आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले आया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार ने चुनाव के बहाने इस योजना के तहत वित्तीय सहायता रोकने की कोशिश को पहले ही भांप लिया और फरवरी, मार्च तथा अप्रैल के लिए कुल 3,000 रुपये का अग्रिम भुगतान प्रत्येक लाभार्थी के लिए 2,000 रुपये के विशेष ग्रीष्मकालीन भत्ते के साथ जमा कर दिया है।

• **आदर्श आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले स्टालिन का दांव, विपक्ष हैरान**

स्टालिन ने सत्ता में लौटने पर इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का वादा करते हुए कहा कि यह उनका बहनों को दिया गया वचन है, जिनके अटूट समर्थन से द्रविड़ मॉडल 2.0 निश्चित रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगा। चूंकि यह घोषणा अचानक हुई, इसलिए विपक्ष दंग रह गया।

## अमेरिका से समझौते के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन हो

**नई दिल्ली।** कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करने और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कांग्रेस के अनुसार संसद भवन परिसर में यह मुलाकात हुई। राहुल ने कहा कि इस समझौते ने कृषि आयात खोल दिया है और जल्द ही कई फसलें इसकी चपेट में आ सकती हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध जताया और मक्का, सोयाबीन, कपास, फलों और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

• अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।

## अब सेवा तीर्थ




### क्या-क्या बदल गया

● एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।

● खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।

● डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### सत्ता से सेवा का सफर

● औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।

● नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।

● पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।

● सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।

● संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

● इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।

● स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।

● सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।

● पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

भविष्य : साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

नई दिल्ली। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

काठमांडू। पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

काहिरा। मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

हवाना। अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

• चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।



बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

ढाका। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

ढाका। बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

• नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

शिलांग। नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## सरोगेसी केस में फर्टिलिटी डॉक्टर समेत दो गिरफ्तार

• तेलंगाना में धन शोधन के मामले में ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि सरोगेसी गिरोह चलाने से जुड़े धनशोधन मामले में तेलंगाना स्थित एक फर्टिलिटी क्लिनिक की मालकिन एवं चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के मुताबिक, चिकित्सक पर गरीब या किसी कारण संतानों को रखने में अक्षम माता-पिता से बच्चों को लेकर उन्हें सरोगेसी से जन्मे बच्चों के रूप में प्रस्तुत करने का आरोप है। ईडी ने बताया कि हैदराबाद स्थित यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर की मालकिन डॉ. अथुलुरी नम्रता उर्फ पचीपल्ली नम्रता को गुरुवार को हिरासत में लिया गया, क्योंकि वह पूछताछ के दौरान टालमटोल कर रही थीं। संघीय एजेंसी ने कहा कि हैदराबाद के नामपल्ली स्थित अदालत ने आरोपी चिकित्सक को 26 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नम्रता के खिलाफ धनशोधन का मामला हैदराबाद के गोपालपुरम पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें उस पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश, अवैध सरोगेसी और बाल तस्करी का आरोप लगाया गया है।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी

वाशिंगटन। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव व राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार मानता है। अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन रखना है।

## पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव जेल से रिहा

• सच को झूठ से अलग करने के लिए कोर्ट का आभारी हूं : पप्पू

पटना। बिहार के पटना जिले की एक अदालत से जमानत मिलने के बाद निर्दलीय सांसद पप्पू यादव शुक्रवार को जेल से रिहा हो गए। यादव को तीन दशक पुराने एक मामले में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। पूर्णिया लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले यादव को वर्ष 1995 के एक जालसाजी मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हालांकि मंगलवार को ही जमानत मिल गई थी लेकिन दो अन्य मामलों के कारण अदालत ने उनकी रिहाई पर रोक लगा दी थी। जेल से बाहर आने के बाद यादव ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें मरवाने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के दौरान समर्थन देने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, तेज प्रताप यादव, दिग्विजय सिंह, मनोज झा, आनंद मोहन और असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य नेताओं का आभार जताया। यादव ने कहा, अगर आज मैं जीता हूं तो यह न्याय की जीत है। सच को झूठ से अलग करने के लिए मैं न्यायपालिका का आभारी हूं।

# एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

• ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।


## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो लोगों की गई जान

ऑरेंजबर्ग। अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान और घायल की जानकारी नहीं दी गई।

## आज का भविष्यफल -पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** — आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** — आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** — आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** — आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतुष्ट हो सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** — आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** — आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** — आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।

–वरुण चक्रवर्ती


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 14 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड–ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड–इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने–सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक–एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

### आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह–मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमश: 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

# मैं अब बदल गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।

### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।

## ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

# जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

**टी-20 विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



04 विकेट

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को 93 रनों से हराया

**चेन्नई।** साई तेजा एम (79) और शुभम रांजने (नाबाद 48) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद हरमीत सिंह (चार विकेट) और शैडली वान शाल्कविक (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शुक्रवार को टी–20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में नीदरलैंड्स को 93 रनों से शिकस्त दी। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स् का कोई भी बल्लेबाज अमेरिकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका और उनकी पूरी टीम 15 .5 ओवर में 103 के स्कोर पर सिमट गई। बास डे लीड ने सर्वाधिक (23) रन बनाए। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने (20), मैक्स ओ'डाउड (13) और रुलॉफ वैन डर मर्व 10 रन बनाकर आउट हुए। नीदरलैंड्स के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अमेरिका के लिए हरमीत सिंह ने चार और शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद मोहसिन को दो विकेट मिले।

# अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव



श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।

–सुनील गावस्कर

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।''''

गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।



कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

# कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।



अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

**टी20 विश्व कप**

## पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

# उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।

–उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक–रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।